दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 88
कोटद्वार रविवार
23 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


## त्याग, बलिदान व सेवा की मिशाल थे आपातकाल के शहीद नरेंद्र उनियाल : भगत सिंह कोश्यारी

### आपातकाल के शहीद लोकतंत्र सेनानी-पत्रकार नरेंद्र उनियाल को दी श्रद्धांजलि ,पूर्व राज्यपाल ने नरेंद्र उनियाल की जीवनी पर लिखी पुस्तक का किया विमोचन






**कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र भगत सिंह कोश्यारी। आपातकाल के शहीद लोकतंत्र सेनानी-पत्रकार नरेंद्र उनियाल पुस्तक का विमोचन करते मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष पंड़ित राजेंद्र अण्थ्वाल, कृषि मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला, नरेंद्र उनियाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष नागेंद्र उनियाल व योगेश पांथरी।**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि आपातकाल के शहीद नरेंद्र उनियाल त्याग, बलिदान व सेवा की मिशाल थे। समाज सेवा के लिए दिया गया उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने युवाओं से महापुरुषों के जीवन पर लिखी पुस्तकों का अध्ययन कर उनके बताए मार्ग पर चलने की भी अपील की। कहा कि एक बेहतर सोच ही बेहतर भारत का निर्माण कर सकती है। इस दौरान नरेंद्र उनियाल की जीवनी पर लिखी पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

शनिवार को बदरीनाथ मार्ग स्थित प्रेक्षागृह में नरेंद्र उनियाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से स्व. नरेंद्र उनियाल की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष पंड़ित राजेंद्र अण्थ्वाल, कृषि मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला, नरेंद्र उनियाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष नागेंद्र उनियाल व योगेश पांथरी ने स्व. नरेंद्र उनियाल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। गढ़वाल सभा के सदस्य शशिभूषण अमोली ने गणेश वंदना की मधुर प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि सेवा की भावना नरेंद्र उनियाल के भीतर बाल्यकाल से ही जागृत थी। उन्होंने कई जनआंदोलनों में अपनी भागीदारी दी। नरेंद्र उनियाल के मन में पहाड़ की पीड़ा थी जब लोकतंत्र के लिए सवाल उठे तो उन्होंने घर बैठना मुनासिब नहीं समझा और जन हित में संघर्ष करने लगे। जनता की आवाज उठाने के लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ा। जन संघर्षों के लिए दिया गया नरेंद्र उनियाल का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि युवाओं को महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर बेहतर देश निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए योगेश पांथरी ने कहा कि 1975 में इमरजेंसी में पौड़ी कारगृह में बंद नरेंद्र उनियाल को कारगार की यातना और तपेदिक की बीमारी भी तोड़ नहीं पाई और 19 मास की जेल यात्रा से निकले नरेंद्र उनियाल में साहस की जो ज्वाला देखने को मिली उसे देखकर ऐता प्रतीत हुआ कि ईश्वर इन्हीं व्यक्तियों को विशेष कार्य के लिए धरती पर भेजता है। परमानंद बलोदी ने कहा कि स्व. नरेंद्र उनियाल से मेरा पचिय मेसमोर इंटर कालेज पौड़ी में वर्ष 1968-69 में रंगमंच पर हुआ था। पौड़ी गढ़वाल के विभिन्न विद्यालयों का गढ़देवा हुआ करता था। जिसमें खेलकूद के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ करते थे। कहा कि 26 जून 1975 को मैं नरेंद्र के साथ पौड़ी में था, बहुगुणा क्लीनिक में बैठकर राष्ट्र चिन्तन पर चर्चा चल रही थी, आपातकाल की घोर निंदा कर रहे थे। सामाचारों में देश के बड़े-बड़े नेताओं को बंदी बनाने का समाचार मिल रहा था। नरेंद्र जी ने सोचा कि पौड़ी गढ़वाल से अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई। फिल्म हॉल पौड़ी से तत्कालीन एसपी पुत्तू लाल को फोन लगाया कि मैं इंदिरा गांधी द्वारा लागू आपातकाल की घोर निंदा करता हूं आप में हिम्मत है तो मुझे गिरफ्तार करें। पुलिस दलबल के साथ आई और श्री नरेंद्र जी को गिरफ्तार कर ले गई। जेल में डालकर अन्यत्र भेज दिया गया। कहा कि नरेंद्र उनियाल सदैव समाज हित के लिए लड़ते रहे। इस मौके पर उत्तराखंड क्षत्रिय उत्थान संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत, सचिव धीरेंद्र सिंह नेगी, संस्थापक उमेद सिंह चौहान, शिशुपाल नेगी, धर्मवीर सिंह, अर्चना शर्मा, अरूण भट्ट, अमित कुमार, लाजपतराय भाटिया, राजेंद्र जजेड़ी आदि मौजूद रहे। मंच संचालन रेनू कोटनाला व शिव प्रकाश कुकरेती ने किया।

### इन लोगों को मिला सम्मान

समाजिक क्षेत्र में अपना योगदान देने वाले चंक्रधर शर्मा कमलेश, सत्यप्रकाश थपलियाल, डा. नंदकिशोर ढौंडियाल, सुरेंद्र लाल आर्य, महेंद्र सिंह रावत, सुभाष नौटियाल व अवनीश अग्निहोत्री को जयन्तश्री नरेंद्र उनियाल सम्मान से सम्मानित किया गया।

## बागेश्वर में सात सड़कों पर मलबा आने से आवाजाही ठप

**बागेश्वर।** जिले में शुक्रवार रात कपकोट, दुग-नाकुरी तहसील क्षेत्र में जबरदस्त बारिश हुई। कपकोट में 12 घंटे के भीतर 60 मिमी बारिश हुई। बारिश के कारण सात सड़कें मलबे आने से बाधित रहीं। इनमें आवाजाही दिनभर ठप रही। इस कारण संबंधित क्षेत्र के लोग मीलों पैदल चलकर गांव तक पहुंचे।कांडा-सानिउडियार रोड बाधित होने से लोगों को जिला मुख्यालय पहुंचने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दो से तीन वाहन बदलकर लोग बागेश्वर पहुंचे। इसके अलावा रमाड़ी-कनौली, काफलीकमेड़ा, शामा-नौकुड़ी, लीली, सूपी-झूनी मार्ग मलबा आने से बंद हैं। सूपी और काफली कमेड़ा मार्ग को बंद हुए 25 दिन हो गए हैं। गत दिनों डीएम ने काफलीकमेड़ा मार्ग का निरीक्षण किया।

पीएमजीएसवाई को मार्ग जल्द खोलने के निर्देश दिए, लेकिन अभी तक मार्ग नहीं खुल पाया है। इधर, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि रोड खोलने का काम जारी है।

कौसानी-गरुड़ मार्ग पर गिरा पेड़, घंटों यातायात प्रभावित

कौसानी। कौसानी-गरुड़ मोटर मार्ग के बलना गांव के समीप सड़क पर विशालकाय पेड़ गिर गया। इससे घंटों यातायात प्रभावित रहा। फायर स्टेशन गरुड़ के जवानों ने घंटों की मशक्कत के बाद सड़क पर आवाजाही शुरू कराई।

## नदी में फंसी हरिद्वार आ रही यूपी रोडवेज की बस



**हरिद्वार।** रूपेड़िया से हरिद्वार आ रही यात्रियों से खचाखच भरी यूपी रोडवेज की बस शनिवार सुबह कोटावली नदी की बीच धारा में फंस गई। यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर पोकलैंड, जेसीबी और हाइड्रा मशीन की मदद से नदी में फंसी बस को बाहर निकाला गया। गनीमत रही इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई।

कोटावली पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण भारी वाहनों के लिए नदी के बीच में रपटा बनाया गया है। नजीबाबाद-हरिद्वार के बीच गुजरने वाले भारी वाहन रपटे से गुजरते हैं। बारिश के चलते कोटावाली नदी उफान पर है। बावजूद इसके हाईवे पर यातायात चालू है। शनिवार सुबह करीब नौ बजे रूपेड़िया डिपो के चालक ने यात्रियों से खचाखच भरी रोडवेज बस को कोटावाली नदी में उतार दिया। तेज बहाव में चालक बस से नियंत्रण खो बैठा। बह कर बस एक स्थान पर फंस गई। यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद एनएचएआई के कर्मचारियों ने हाइड्रा मशीन की सहायता से बस को लोहे रस्से से बांध कर एक स्थान पर रोका दिया। साथ ही पुलिस ने पोकलैंड और जेसीबी की मदद से यात्रियों को रेस्क्यू कर बस से बाहर निकाला।


IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Industrial Tour
• Value Added Courses @ 0% cost
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

## सिंचाई नहरों के रखरखाव पर दें ध्यान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : अखिल भारतीय किसान सभा ने मालिनी नहर में जगह-जगह पर फंसी गाद को साफ करने की मांग की है। इस संबध में सभा अध्यक्ष जीएस नेगी ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि मालिनी नहर से भाबर क्षेत्र के कलालघाटी, उदयरामपुर, हल्दूखाता और मगनपुर सहित अन्य क्षेत्रों के काश्तकारों को सिंचाई का पानी उपलब्ध होता है।

लेकिन वर्तमान में चल रही भारी बारिश के कारण नदी के पानी के साथ गाद भी नहर में आ रही है। नहर में गाद के जमा होने के कारण काश्तकारों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इसलिए गाद की सफाई की जानी आवश्यक है। ज्ञापन में उन्होंने अधिशासी अभियंता से नहर के रख रखाव के लिए श्रमिक तैनात करने की मांग भी की है।

# मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों की सम्पत्ति करें कुर्क : एसएसपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने समीक्षा बैठक में एनडीपीएस एक्टत के अन्तर्गत मादक पदार्थ की तस्करी, बिक्री में पुनः सक्रिय होने पर कार्यवाही करने को कहा।

उन्होंने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों से व्यावसायिक मात्रा में मादक पदार्थ बरामद होने पर सम्पत्ति कुर्क करने के आदेश दिए। उन्होंने साइबर धोखाधड़ी वाले मामलों में त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने, साइबर अपराध के सम्बन्ध में ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर आमजन को लगातार जागरुक करने के निर्देश दिए।

शनिवार को एसएसपी श्वेता चौबे ने पुलिस कार्यालय में



बैठक को संबोधित करते हुए एसएसपी श्वेता चौबे

जनपद के प्रभारी साईबर सेल, एएनटीएफ, सीआईयू, एएचटीयू व प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मणझूला के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बताया गया कि जनपद की एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) व समस्त थानों द्वारा वर्ष 2023 में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 53 व्यक्तियों के विरुद्ध 46 अभियोग पंजीकृत किये गये। साथ ही इसी अवधि में अवैध शराब की तस्करी करने वाले 79 व्यक्तियों के विरुद्ध 78 अभियोग पंजीकृत किये गये। जनपद की साइबर सैल द्वारा जनवरी 2023 अब तक 51 मामलों में साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों के खातों में कुल 20 लाख से अधिक की धनराशि वापस करायी गयी एवं साइबर अपराध से सम्बन्धित कुल 12 अभियोग पंजीकृत किये गये।

इस दौरान बताया गया कि एएचटीयू पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन मुक्ति अभियान के प्रारम्भ से अब तक 134 भीख मांगने वाले बच्चों के दाखिले स्कूलों में कराये गयो, जो वर्तमान में स्कूलों में जाकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। एसएसपी ने बच्चों के सत्यापन के साथ-साथ बच्चों की आवश्यकता के अनुसार बैग, जूते, किताबें आदि एनजीओ के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किए जाने का रूका कार्य फिर से हुआ शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : ब्लॉक मुख्यालय खिर्सू परिसर में करीब तीन माह से डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किए जाने का रूका हुआ कार्य फिर से शुरू हो गया है। ब्लॉक प्रमुख भवानी गायत्री ने बताया कि 18 जुलाई को दिशा की बैठक में डीएम पौड़ी व सांसद के समक्ष मूर्ति निर्माण के रूके हुए कार्य को लेकर चर्चा की गई थी। जिस पर डीएम ने जिला विकास अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया। उन्होंने बताया कि मूर्ति स्थापना के निर्माण कार्य पर करीब तीन माह पूर्व यह कह कर आपत्ति जताई गई थी कि प्रतिमा स्थापित होने से आम रास्ता अवरुद्ध हो जाएगा। कहा 19 जुलाई को जिला विकास अधिकारी, मुख्य मानचित्रकार क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई, परियोजना प्रबंधक पेयजल निगम, प्रभारी खंड विकास अधिकारी खिर्सू आदि के साथ चर्चा के बाद जांच समिति ने मूर्ति के निर्माण कार्य पर सहमति दी। कहा शुक्रवार को जांच समिति की रिपोर्ट के बाद मूर्ति स्थापना में थोड़ा परिवर्तन कर उसी स्थान पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। (एजेंसी)

## एसडीएम के निरीक्षण में स्वास्थ्य सुविधाओं की खुली पोल

**पौड़ी** : उपजिलाधिकारी के निरीक्षण में स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खुल कर रह गई। एसडीएम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परसुंडाखाल का निरीक्षण किया तो 29 में से 20 कर्मचारी गायब मिले। साथ ही अस्पताल में भ्रमण, निरीक्षण पंजिका भी नहीं बनाई गई। अस्पताल में गंदगी व धूल पाई गई। एसडीएम ने संबंधित अफसरों को कार्य प्रणाली में सुधार लाने को कहा। एसडीएम मुक्ता मिश्रा ने पैडलस्यूं-4 के भाकलचैक क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक स्कूल व राजकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल का भी निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि स्कूल में छात्रों के पठन-पाठन स्तर की जानकारी लेने के लिए उनसे प्रश्न भी पूछे गए। कक्षा-6 के छात्र सामाजिक विज्ञान भूगोल के पढ़ाए गए प्रश्नों का जवाब नहीं दे पाए। एसडीएम ने शिक्षकों को गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। इससे पूर्व उन्होंने भाकलचैक में आयोजित जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत भ्रमण, चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों ने जल निगम द्वारा निर्माणाधीन पालसैण सोलर पम्पिंग परियोजना को विद्युत परियोजना में परिवर्तित करने, लोनिवि की सड़क घोड़ीखाल-भीमली-रैदुल को पक्का करने, प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत गोवर्धन लाल पुत्र दीपू लाल के नाम से आवंटित आवास को उनकी मृत्यु के पश्चात उनके वारिसों के नाम ट्रांसफर करने, गोवर्धन लाल पुत्र दीपू लाल के नाम दर्ज भूमि को उनकी मृत्यु के पश्चात उनके वारिसों के नाम अंकित करने की शिकायत बताई।

## छात्राओं की उपलब्धि पर स्कूल परिवार ने जताई खुशी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबाल टूर्नामेंट में लीलावती जीआईसी निसनी की छात्राओं ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। छात्राओं की इस उपलब्धि पर स्कूल परिवार के साथ ही खिलाड़ियों में खुशी बनी हुई है।

बालिकाओं की टीम के कोच एवं जीआईसी निसनी के पीटीआई जगमोहन बिष्ट, टीम मैनेजर जीआईसी पैठाणी की शिक्षिका माधुरी रमोला ने बताया कि देहरादून के पवेलियन ग्राउंड में आयोजित सुब्रतो कप फुटबाल प्रतियोगिता में बालिका अंडर-17 वर्ग में पौड़ी जिले का प्रतिनिधित्व लीलावती जीआईसी निसनी की बालिकाओं द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में लीलावती जीआईसी निसनी की बालिकाओं द्वारा तीसरे स्थान करते हुए मैच में देहरादून का प्रतिनिधित्व कर रही नवोदय विद्यालय की टीम को 2-0 से हराया।

टीम को इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए निसनी के धीरेंद्र सिंह रावत द्वारा 5 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। साथ ही निसनी के ही दिनेश रावत का भी विशेष सहयोग रहा। लीलावती जीआईसी निसनी के स्कूल परिवार की तरफ से बालिकाओं की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की गई है।

# स्मैक की लत पूरा करने के लिए चेन स्नैचिंग करने वाले दो गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : स्मैक के लिए महिलाओं की चेन स्नैचिंग करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया। उनके पास से दो चाकू और एक सोने की चेन बरामद की गई है।

कोतवाल मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि गश्त के दौरान कौड़िया में दो युवक संदिग्ध हालत में रेलवे पुल के पास खड़े दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों को पकड़ कर उनकी तलाशी ली। जिस पर दोंनों की जेब से दो चाकू बरामद किए गए। एक की जेब



कोटद्वार में पुलिस हिरासत में पकड़े गए चेन स्नैचिंग के आरोपी

से चाकू के साथ सोने की चेन भी मिली। पूछताछ में आरोपियों ने अपना परिचय मुजम्मिल और शादाब निवासी लकड़ी पड़ाव के रूप में दिया।

उन्होंने बताया कि वे स्मैक का सेवन करते हैं। स्मैक के लिए उन्होंने 8-10 दिन पूर्व रेलवे स्टेशन से एक महिला के गले से चेन छीन ली थी। शुक्रवार को वे चेन को स्वर्णकार के पास बेचने जा रहे थे, तभी पकड़े गए। बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## छात्रों ने सीखें वाद्य यंत्रों के बजाने के गुर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर गढ़वाल** : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़ीगांव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत गढ़वाली भाषा के पठन-पाठन तथा लोक संगीत साहित्य का विकास एवं क्रियान्वयन विषय पर चार दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर लोक साहित्य के प्रति रुचि रखने वाले छात्र-छात्राएं ने अपनी लोक संस्कृति एवं वाद्य यंत्रों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

कार्यशाला में प्रसिद्ध ढोल वादक डा. सोहन लाल ने ढोल सागर के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने ढोल-दमांऊ डौंर-थाली बजाने का प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर वाद्यय यंत्रों के साथ मांगल गीत, गढ़वाली भाषा में सस्वती वंदना एवं गढ़वाली देशभक्ति का आह्वान का फिल्मांकन किया गया। वहीं कार्यशाला में प्रसिद्ध कवि वरिष्ठ पत्रकार एवं रंगकर्मी गणेश खुगशाल ने लोक संगीत के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से बताया। इस मौके पर संस्थान के प्राचार्य एलएस दानू ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डा. एमएस कलेठा, विनय किमोठी, धमेंद्र नेगी, डा. एनपी उनियाल, डॉ. जेएस पुण्डीर, डॉ. डीएन लिंगवाल, डा. लता पाण्डेय आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# पौधा रोपण के साथ संरक्षण का लिया संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विद्यार्थी विकास गतिविधि के अंतर्गत हरेला सप्ताह के अवसर पर अभाविप कोटद्वार इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा डा. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल राजकीय महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और राष्ट्रीयता सहित सहभागिता के गुण विकसित करना है। साथ ही परिषद पर्यावरण संरक्षण के लिए भी कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है।

इसी क्रम में महाविद्यालय में




कोटद्वार महाविद्यालय में पौधा रोपण करते सदस्य।

वृक्षारोपण किया गया।

इस दौरान अक्षित केष्टवाल, अनुराग थापा, मयंक विश्नोई, स्वाति गैरोला, ईशा गोदियाल, शिखर अग्रवाल, मृदुल भट्ट, अक्षित खंतवाल और अनिकेत दुगलचा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## एसडीएम ने किया बजरंग सेतु का स्थलीय निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : चमोली हादसे के बाद हरकत में आते हुए एसडीएम यमकेश्वर ने लोक निर्माण विभाग नरेंद्रनगर द्वारा निर्मित किए जा रहे बजरंग सेतु का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्यों में तेजी लाने, अधिशासी अभियंता को विद्युत निरीक्षक के समन्वय से विद्युत सेफ्टी ऑडिट करवाने के निर्देश दिए।

बजरंग सेतु का निरीक्षण करते हुए एसडीएम आकाश जोशी ने उत्तराखंड जल संस्थान द्वारा लक्ष्मण झूला में संचालित किए जा रहे एसटीपी प्लांट का भी स्थलीय निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों को प्लांट में सीओडी (केमिकल ऑक्सीजन डिमांड), बीओडी (जैविक ऑक्सीजन डिमांड) को मानक के अनुसार नियंत्रित करने व प्लांट संचालन में एनजीटी (राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण) के मानकों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही एसटीपी का विद्युत सुरक्षा ऑडिट करवाते हुए सभी मजदूरों व कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## श्रीकोट और कंडोली में पौधों का रोपण किया

**श्रीनगर गढ़वाल** : लायंस इंटरनेशनल क्लब श्रीनगर द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय श्रीकोट गंगनाली में फलदार पौधों का रोपण किया गया। क्लब के अध्यक्ष वासुदेव कंडारी ने कहा कि क्लब के माध्यम से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं समाज सेवा के कार्य किए जाते हैं। उन्होंने भविष्य में इन कार्यों को और गति दी जाएगी। वहीं कीर्तिनगर के कंडोली गांव में वन विभाग के सहयोग से ग्रामीणों ने आंवला, बांस, तेजपत्ता, बहेड़ा आदि औषधीय पौधों का रोपण किया। इस मौके पर उप वन क्षेत्राधिकारी देवेंद्र सेमवाल, अर्चना बडोनी, ग्राम प्रधान रश्मि बडोनी, प्रधान सुनय कुकसाल, बबली देवी, परमानंद बडोनी, प्रकाश.भट्ट, भास्कर, कुसुम, सीमा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को दस अगस्त को दिल्ली में प्रदर्शन

**पौड़ी** : राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 10 अगस्त को दिल्ली में प्रदर्शन करेगा। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयदीप रावत ने बताया कि केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन व्यवस्था की जगह नई पेंशन योजना यानी एनपीएस लागू कर दी है। यह पेंशन व्यवस्था केंद्र सरकार के सशस्त्र सुरक्षा बल को छोड़ कर सभी कर्मचारियों पर लागू की गई। बाद में इस पेंशन योजना को पश्चिम बंगाल को छोड़कर सभी राज्यों ने लागू कर दिया था। कहा कि नई पेंशन योजना से सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे है। कहा कि आम चुनावों के मद्देनजर केंद्र सरकार को भी इस मुद्दे पर ध्यान देने को विवश होना पड़ा है। कहा कि कर्मचारियों की पेंशन की समस्या का संतोषजनक समाधान जरूरी है। सालों से चली आ रही पुरानी पेंशन योजना एक कल्याणकारी सरकार की सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से अच्छी योजना थी।

## स्कूलों में होगी डेंगू जागरूकता पर आधारित निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : बरसाती मौसम में डेंगू रोग की आशंका के दृष्टिगत राज्य स्तर से जारी अलर्ट के बीच जनपद में स्वास्थ्य विभाग कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग से जनपद के समस्त विद्यालयों में प्रार्थना सभा में डेंगू से बचाव से संबंधित स्वास्थ्य शिक्षा देने की अपील की है। साथ ही डेंगू निरोधात्मक वातावरण के प्रति संवेदनशीलता पैदा करने के लिए शैक्षिक गतिविधि में डेंगू जागरूकता पर आधारित प्रोजक्ट वर्ग, निबंध, पोस्टर प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों को शामिल करने का सुझाव दिया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि जनपद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में बीते दो माह से डेंगू रोग की रोकथाम व नियंत्रण को लेकर नगर पालिका, नगर पंचायत, शिक्षा, पेयजल, पंचायतीराज, बाल विकास, परिवहन विभाग आदि से समन्वय स्थापित आवाश्यक कार्यवाही की गई। वहीं, आशा कार्यकत्री, एएनएम के माध्यम से लगातार लार्वा निरोधात्मक कार्रवाई व स्वास्थ्य उपकेंद्रों में जागरूकता गोष्ठी व अंतरव्यैक्ति संवाद के माध्यम से डेंगू बचाव पर आधारित जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डेंगू रोकथाम को लेकर विभाग कोई भी कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहता, इसी क्रम में मुख्य शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित कर विद्यालयों में प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राओं को डेंगू से बचाव के तथ्य जैसे घरों के आस-पास पानी एकत्रित न होने देने, जल भंडारण की वस्तुओं को ढक कर रखने, कूलर, फूलदान, टंकी आदि ऐसी चीजें जहां पानी एकत्र हो सकता है वहां पानी एकत्र न होने देने व इन स्थानों पर सप्ताह में एक बार सफाई करने, डेंगू के मच्छर से बचाव हेतु पूरी बांहों वाले कपड़े पहनने, मच्छरदानी, मच्छर नाशक क्रीम, स्प्रे आदि का प्रयोग करने, आदि के बारे में जागरूक करने व अभिभावक–शिक्षक बैठक में डेंगू जागरूकता पर एक सत्र रखने की अपील की है।

## अतिवृष्टि से कृषि भूमि सहित बगीचों को नुकसान, ड्रोन से लिया जायजा

उत्तरकाशी : पुरोला क्षेत्र में मध्यरात्रि को कुरूड़ा जंगल में अतिवृष्टि से कृषि भूमि सहित सेब बगीचों को भी नुकसान पहुंचा है। प्रभावितों को फौरी सहायता दी गई है। क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से नुकसान का जायजा लिया जा रहा है। मौका मुआयना करने के बाद उपजिलाधिकारी देवानंद शर्मा ने बताया कि कमल गाड, मालगाड़, छाडा खड एवं रतेडी खड्डु मठ क्षेत्र गाड गदेरों के दोनों तरफ कृषि भूमि सेब बागीचों तथा धान की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। पुलों, नहरों एवं सड़कों व आवासीय भवनों के नुकसान का जायजा लेने को सिंचाई, लोनिवि पीएमजीएसवाई, विद्युत व राजस्व विभागीय की संयुक्त जांच टीम गठित की गई है। साथ ही कृषि भूमि एवं फसलों को हुए नुकसान का आंकलन करने को भी दो नायब तहसीलदारों के नेतृत्व में टीमें बनाई गई है। जो 2 दिन के अंदर नुकसान की रिपोर्ट तैयार करेगा। जबकि तत्काल सहायता के तौर पर अधिक क्षतिग्रस्त के पीड़ित परिवारों को साढे छह हजार, आंशिक नुकसान को 5 हजार रुपए आपदा राहत के तहत चैक वितरित किये गये हैं। साथ ही क्षेत्र में कृषि भूमि, पुलों, सड़कों व नहरों के नुकसान का ड्रोन कैमरों से आंकलन कराया जा रहा है। लाउडस्पीकर से मुनादी कर नदी किनारे एवं गाड गदेरों के तट पर खतरे की जद में आये आवासीय भवनों को खाली करके सुरक्षित स्थानों स्कूल, पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केंद्रों में रहने की अपील की।

# एसडीएम को दिए एसटीपी के निरीक्षण करने के आदेश

**संवाददाता**

**श्रीनगर गढ़वाल** : जिलाधिकारी टिहरी मयूर दीक्षित ने शनिवार को तहसील कार्यालय कीर्तिनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने समस्त कक्षों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी/पटल सहायकों से कार्यों की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने एसडीएम कीर्तिनगर को कीर्तिनगर व देवप्रयाग क्षेत्र में समस्त एसटीपी के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्थानों पर आधार सेंटर सुचारू रूप से संचालित हों इसका प्रयास किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने तहसील कार्यालय के रिकार्ड रूम एवं अन्य संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, बायोमैट्रिक उपस्थिति को चैक करने, आपदा क्षति का तत्काल मुआवजा देने के निर्देश दिए। साथ ही न्यायालय वादों एवं धारा-4 के वादों का समयान्तर्गत त्वरित निस्तारण, विरासतन मामलों का शतप्रतिशत निस्तारण करने तथा समस्त अधिकारी/पटल सहायकों द्वारा अपने-अपने पटलों से संबंधित पत्रावलियों का संचरण प्राथमिकता पर ई-ऑफिस के माध्यम से करने को कहा। इसके अलावा कार्यालय में फाइलों के रख-रखाव, साफ-सफाई, फायर सेफ्टी, प्रत्येक अधिकारी/पटल सहायकों की टेबल पर नेम प्लेट लगाने, आलमारियों में रखी फाइलों की सूची चस्पा करने व अन्य समस्त व्यवस्थाएं चाक-चौबन्द करने के दिशा-निर्देश भी दिए। उप जिलाधिकारी कीर्तिनगर सोनिया पंत ने बताया कि जिलाधिकारी को विरासतन मामलों, राजस्व वाद, धारा-4 के वाद, वसूली, आरसी, न्यायालय वाद आदि के संबंध में जानकारी दी गई। (एजेंसी)

# मत्स्य आहार के लिए सीमांत जनपद चमोली में खुला गोदाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : सीमांत जनपद चमोली में विगत कुछ सालों में मछली पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बनकर उभरा है। किसान अब खेती के साथ मछली पालन करके भी अपनी आमदनी को बढ़ा रहे है। लेकिन स्थानीय स्तर पर मछली का आहार की व्यवस्था न होने के कारण मत्स्य पालकों की समस्या बढ़ती जा रही थी। मछली किसानों को मत्स्य आहार खरीदने के लिए देहरादून, रुद्रपुर, हल्द्वानी जैसे बड़े शहरों को जाना पड़ रहा था। ऐसे में एक या दो तालाबों में मछली पालन करने वाले छोटे किसानों को खासी परेशानी हो रही थी।

किसानों ने अपनी इस समस्या को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने जनपद में ही मत्स्य आहार की व्यवस्था बनाने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

मत्स्य विभाग द्वारा स्थानीय स्तर पर ही मछली आहार उपलब्ध कराने हेतु व्यक्तिगत प्रयास किए गए और लोगों को इस क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया। इस क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाओं को देखते हुए नंदानगर (घाट) निवासी हरीश राणा ने गोदाम संचालन के लिए मत्स्य विभाग से परामर्श लिया और विभाग के सहयोग से नंदप्रयाग क्षेत्र में सोनला पेट्रोल पंप के समीप मछली आहार हेतु गोदाम का संचालन शुरू किया। प्रभारी सहायक निदेशक मत्स्य जगदंबा बताते है कि आज हरीश राणा अपने गोदाम से प्रति माह न्यूनतम 10 कुंतल मत्स्य आहार की ब्रिकी कर रहे है।

## पीटीए के अध्यक्ष बनें अमर सिंह

चमोली : राइंका हरगढ़ में पीटीए का गठन किया गया। जिसमें अमर सिंह अध्यक्ष, उपाध्यक्ष मान सिंह, गंगा सिंह एसएमसी अध्यक्ष निर्विरोध बनाये गये। इस मौके पर प्रधानाचार्य धीरज भंडारी, अनूप नेगी, शकुंतला रावत, प्रदीप बिष्ट, क्षेपंस मोहन शाह, श्याम सिंह पालीवाल, वन पंचायत सरपंच धन सिंह नेगी आदि थे।

# बीकेटीसी के विशेष कार्याधिकारी अनुसूइया नेगी के निधन पर जताया शोक

रुद्रप्रयाग : बीकेटीसी के विशेष कार्याधिकारी 55 वर्षीय अनुसूइया सिंह नेगी के निधन पर मंदिर समिति के केदारनाथ और ऊखीमठ कार्यालय सहित सभी विश्राम गृहों में शोक सभा आयोजित करते हुए दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि विशेष कार्याधिकारी जनसंपर्क अनुसूइया सिंह नेगी का गुरुवार 20 जुलाई को जोशीमठ में आकस्मिक निधन हो गया था। वह मंदिर समिति के जोशीमठ कार्यालय में कार्यरत थे साथ ही लोक सूचना अधिकारी का भी कार्य दायित्व संभाल रहे थे। नेगी के निधन पर बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति सदस्य श्रीनिवास पोस्ती ने गहरा दुःख व्यक्त किया। केदारनाथ धाम में आयोजित शोक सभा में मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह, कार्याधिकारी आरसी तिवारी, पुजारी शिव लिंग, धर्माधिकारी औंकार शुक्ला, वरिष्ठ सहायक विपिन तिवारी, वैद्य लोकेंद्र रिवाड़ी, मनोज शुक्ला, सुदीप नेगी आदि मौजूद थे,



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पंडित राजेंद्र अण्थ्वाल, कृषि मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला, नरेंद्र उनियाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष नागेंद्र उनियाल व योगेश पांथरी।



कार्यक्रम में चक्रधर शर्मा को नरेंद्र उनियाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से काव्य शास्त्र की अहर्निश सेवाओं के लिए जयन्तश्री नरेंद्र उनियाल सम्मान प्रदान करते हुए पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र राज्य एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड राज्य भगत सिंह कोश्यारी।



कार्यक्रम में सत्यप्रकाश थपलियाल को नरेंद्र उनियाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मातृ-पितृविहीन बच्चों की अहर्निश सेवाओं के लिए जयन्तश्री नरेंद्र उनियाल सम्मान प्रदान करते हुए पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र राज्य एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड राज्य भगत सिंह कोश्यारी।



कार्यक्रम में डा. नंदकिशोर ढौंडियाल को नरेंद्र उनियाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से हिंदी साहित्य की अहर्निश सेवाओं के लिए जयन्तश्री नरेंद्र उनियाल सम्मान प्रदान करते हुए पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र राज्य एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड राज्य भगत सिंह कोश्यारी।



कार्यक्रम में सुरेंद्र लाल आर्य को नरेंद्र उनियाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से समरस समाज की अहर्निश सेवाओं के लिए जयन्तश्री नरेंद्र उनियाल सम्मान प्रदान करते हुए पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र राज्य एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड राज्य भगत सिंह कोश्यारी।



कार्यक्रम में महेंद्र सिंह रावत को नरेंद्र उनियाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से उत्तराखंड के जन सरोकारों के लिए उनकी अहर्निश सेवाओं के लिए जयन्तश्री नरेंद्र उनियाल सम्मान प्रदान करते हुए पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र राज्य एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड राज्य भगत सिंह कोश्यारी।



कार्यक्रम में सुभाष नौटियाल को नरेंद्र उनियाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से राष्ट्रीय यायावरी पत्रकारिता की अहर्निश सेवाओं के लिए जयन्तश्री नरेंद्र उनियाल सम्मान प्रदान करते हुए पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र राज्य एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड राज्य भगत सिंह कोश्यारी।



कार्यक्रम में अवनीश अग्निहोत्री को नरेंद्र उनियाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सोशल मीडिया की प्रत्रकारिता की अहर्निश सेवाओं के लिए जयन्तश्री नरेंद्र उनियाल सम्मान प्रदान करते हुए पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र राज्य एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड राज्य भगत सिंह कोश्यारी।

# अवैध खनन की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु संबंधित डीएम ने की अधिकारियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों संग बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलैक्ट्रेट में अवैध खनन की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु संबंधित अधिकारियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध खनन की शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही करें। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय करते हुए अवैध खनन के शिकायती वाले क्षेत्रों में टीमे भेजकर निरंतर कार्यवाही करें। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि अवैध खनन में संलिप्त वाहनों पर चालान एवं सीज की कार्यवाही करते हुए विवरण प्रस्तुत करें। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा खनन क्षेत्रों में आए मजदूरों द्वारा वहीं पर कब्जा कर बस्तियां बसायी जा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने वन निगम, जीएमवीएन को कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व एवं स्थानीय पुलिस को कब्जे एवं बस्तियां बसने आदि शिकायतों पर गंभीरता से प्रकरण को देखने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित के विरूद्ध अर्थदण्ड के साथ ही खनन एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाए तथा निरंतर अभियान चलाते हुए अवैध खनन एवं परिवहन व भण्डारण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। बैठक में अवगत कराया गया कि माह जून एवं जुलाई में अवैध खनन एवं भण्डारण के अन्तर्गत धनराशि रू0 15059150 के अर्थदण्ड के आदेश पारित किए गए है। बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर सरिता डोभाल, उपजिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी नीरज सेमवाल व अनिल जोशी, रावत सिंह सहित ग्राम प्रधान दूधली श्याम सिंह, प्रधान रानीपोखरी सुधीर रतूनी, ग्राम प्रधान ढालीपुर श्रीमती रेखा, ग्राम प्रधान अब्दुलापुर श्रीमती बबली आदि उपस्थित रहे।

# मानव जीवन के लिए हरियाली जरूरी

ऋषिकेश। ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्रों में हरेला पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। शनिवार को विभिन्न संस्थानों में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। शनिवार को राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज आईडीपीएल में हरेला पर्व पर सेफ निदेशक वित्त मंत्रालय डॉ. हरीश यादव और महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने पौधरोपण किया। उन्होंने मानव जीवन में पेड़ पौधों की उपयोगिता के बारे में बताया। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षिका सरोजिनी श्रीवास्तव द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया और विद्यालय की वेबसाइट लांच की गई। मौके पर प्रधानाचार्य राजीव लोचन सिंह, डॉ. धीरेंद्र राणा, अजय बिजल्वान, पहलवान लाभांशु शर्मा, ओम प्रकाश गुप्ता, देवेश्वर प्रसाद रतूड़ी, राजीव थपलियाल, सुकुमारी सिंह, अंजू रस्तोगी, मनोज गुप्ता, एनएस रावत, बीपीएस रावत, ललित मोहन जोशी, हरेन्द्र राणा, पंकज सती, माधुरी रावत, दिवाकर नैथानी, सुनीता पंवार, श्याम सुन्दर रयाल, सुशील रावत, ज्योति किरण लोहनी, नीरजा कर्नवाल, सुशील सैनी, आरपी नौटियाल आदि रहे। उधर, भाजपा महिला मोर्चा ने चंद्रेश्वर मंदिर प्रांगण में पौधरोपण किया। जिलाध्यक्ष कविता शाह ने कहा कि मानव जीवन पेड़ पौधों के बिना संभव नहीं है। मौके पर मंडल अध्यक्ष माधवी गुप्ता, महामंत्री गुड्डी कालूरा, निवेदिता सरकार, हिमानी कौशिक, सुशीला बिष्ट,ज्योति पांडे, शशि, उषा मंडल आदि उपस्थित रहे।

# विधायक मनोज तिवारी ने कोसी मटेला पम्प का किया औचक निरीक्षण



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने कोसी मटेला पम्प परिसर का औचक निरीक्षण किया और पेयजल आपूर्ति सहित विद्युत उपकरणों के रखरखाव की व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। उन्होंने मौके पर मौजूद जल संस्थान के अधिशासी अभियन्ता अशोक कुमार सोनी को पंपिग के दौरान कोसी नदी से भारी मात्रा में आ रही सिल्ट को हटाने के लिए नई वैज्ञानिक तकनीकी के उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान जनता को पेयजल से वंचित नहीं रहना पड़े इसके लिए जो भी कारगार एवं बेहतर वैज्ञानिक तकनीकी हैं उसे हरहालात में लागू कराने के भरसक प्रयास किये जाएंगे, विधायक तिवारी ने विगत दिवस चमोली घटना से बड़ा सबक लेने की बात करते हुए अधिकारियों से मटेला पम्प में विद्युत उपकरणों में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि चमोली जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए अधिकारियों एवं कार्मिकों की रोटेशन के आधार पर तैनाती करने एवं उच्च गुणवत्ता के विद्युत उपकरणों को पंप में लगाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनके पहले कार्यकाल में कोसी बैराज का निर्माण अल्मोड़ा की भारी पेयजल संकट को दूर करने में काफी कारगार रहा है। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता को मानसून के सीजन में चालीस लाख लीटर क्षमता के उनके समय में बनाये गये विक्टर मोहन जोशी जलाशय में हर समय पेयजल भण्डारण सुनिश्चित कराने के विशेष निर्देश दिये ।

## रामनगर रेलवे स्टेशन का जल्द होगा कलाकल्प

हल्द्वानी। पूवीत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल रामनगर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प करने जा रहा है।

स्टेशन को हाईटेक करने को 4.43 करोड़ की धनराशि अनुमानित की गई है। शनिवार को इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि रामनगर कॉर्बेट के लिहाज से विश्व विख्यात है। मुरादाबाद–रामनगर रेलखंड पर स्थित यह रेलवे स्टेशन पहाड़ और हरियाली से घिरा हुआ है। उन्होंने कहा इस स्टेशन से जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क, सीताबनी, हनुमानधाम, कॉर्बेट वाटरफॉल के साथ ही नैनीताल, भीमताल, सातताल समेत कई जगहों पर प्रतिवर्ष लाखों लोग आते हैं। इस स्टेशन से रोजाना 12 रेलगाड़ियां संचालित की जाती हैं।

# कुलपति ने अनुभागों का किया निरीक्षण

नैनीताल। कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विभिन्न अनुभागों को निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों को कार्य प्रणाली में सुधार के निर्देश दिए। साथ ही समय पर कार्यालय आने की हिदायत दी। साथ ही रिकॉर्ड की भी जांच की गई और अनुभागों में फाइलों के ढेर देखकर कर्मचारियों को कार्य अपडेट रखने के निर्देश दिए। मामले में लापरवाही बरतने पर जवाबदेही को कहा। इस मौके पर कुलसचिव दिनेश चंद्र, उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, उप कुलसचिव दुर्गेश डिमरी, निजी सचिव, कुलपति एलडी उपाध्याय मौजूद रहे।

**कुविवि के कुलपति ने विद्यार्थियों से किया संवाद**

शहीद सैनिक विद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने शनिवार को कुविवि के नवनियुक्त कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत से मुलाकात की। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ शैक्षिक संवाद कर उनका मार्गदर्शन करते हुए भविष्य का लक्ष्य बनाकर मेहनत करने को कहा। प्रधानाचार्य बीएस मेहता ने विद्यार्थियों को बताया कि कुलपति प्रो. रावत भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के विद्यार्थी रह चुके हैं। इस मौके पर कुल सचिव दिनेश चंद्रा, डॉ. महेंद्र राण, एलडी उपाध्याय, शिक्षक परवीन सती, डॉ. प्रह्लाद, डॉ. मोहित वर्मा, डॉ.नीलम, डॉ. रेनू, मीनाक्षी बिष्ट, मयंक, अक्षय, यस, हिमानी, सिमरन, दीया, यक्षिता, चेतना रहीं।

## ग्राम प्रधान व उसकी पत्नी को दी जान से मारने की धमकी

बागेश्वर। कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत वलना गांव में सीसी मार्ग निर्माण के दौरान विवाद में ग्रामीण ने ग्राम प्रधान को जान से मारने की धमकी दे दी। ग्राम प्रधान ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम प्रधान वलना दयाकृष्ण खोलिया ने शनिवार को कोतवाली में तहरीर सौंपी। आरोप है कि गांव के जगदीश सिंह पुत्र डुंगर सिंह ने उन पर और उनकी पत्नी दीपा देवी पर जानलेवा हमला किया।

साथ काम कर रहे लोगों को भी बीच–बचाव में न आने की चेतावनी दी। उन्होंने दबंगई दिखाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि आरोपी जगदीश सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 508, 504, 506 में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

# झूलाघाट–जौलजीबी मोटर मार्ग बंद होने से ग्रामीण परेशान



पिथौरागढ़। झूलाघाट–जौलजीबी मोटर मार्ग पर भारी बारिश के बाद मलबा आने से बंद हो गया है। जिससे स्कूली छात्र–छात्राओं सहित रोजमर्रा की सामग्री के लिए यहां आने वाले ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीमांत के गांवों को जोड़ने वाली यह सड़क बारिश के बाद देर रात बंद हो गई। कई जगह मलबा व बोल्डर आने से इसमें आवाजाही कठिन हो गई है। जिससे क्षेत्र की बड़ी आबादी को परेशानी हो रही है। स्थानीय अनिल खनका ने बताया कि मार्ग में कई जगह बड़े पत्थर गिरने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी है। सीमांत क्षेत्र के ग्रामीणों को झूलाघाट बाजार से सामग्री क्रय करने के साथ ही स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खनका ने कहा कि बरसात के दौरान सीमांत क्षेत्र की सड़कें लगातार बंद हो रही हैं। इसके बावजूद भी लोनिवि इस क्षेत्र में बन्द सड़कों को खोलने के लिए कोई भी प्रयास नहीं कर रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने झूलाघाट जौलजीबी मोटर मार्ग खोलने के लिए स्थाई तौर पर मशीन तैनात करने की मांग की है।

## नैक के लिए 5 साल की रिपोर्ट तैयार रखें : प्राचार्य

हल्द्वानी। महिला डिग्री कॉलेज में शनिवार को प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें आगामी 24 अगस्त को प्रस्तावित नैक निरीक्षण और ऑफलाइन प्रवेश प्रक्रिया को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए।

प्राचार्य डॉ. पुरोहित ने प्राध्यापकों को नैक निरीक्षण के मद्देनजर अपनी पर्सनल प्रोफाइल, बायोडाटा व सभी समिति प्रभारियों को 5 साल की रिपोर्ट की पीपीटी तैयार रखने को निर्देशित किया। पीजी स्तर के विभाग प्रभारियों को विभागीय लाइब्रेरी दुरुस्त रखने को भी कहा। नैक प्रभारी डॉ. तनुजा बिष्ट ने अब तक की तैयारियों की जानकारी दी। प्राचार्य ने सभी प्रवेश समितियों के प्रभारियों को निर्देशित किया कि विश्वविद्यालय एवं शासन से प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार ही ऑफलाइन प्रवेश देना सुनिश्चित करें।

# लोकगायक कल्याण बोरा ने संस्कृति विभाग देहरादून में लोक गायकी में प्राप्त किया ए ग्रेड



अल्मोड़ा। गणाई गंगोली तहसील के ग्राम प्यांतोली, राममंदिर हाल निवासी ढुंगाधारा अल्मोड़ा निवासी लोकगायक कल्याण बोरा पुत्र स्व० नारायण सिंह को स्वर परीक्षा/ मंचीय प्रस्तुति में ए ग्रेड प्राप्त हुआ है।

गौरतलब हो कि 17 जून 2023 को संस्कृति विभाग उत्तराखंड द्वारा स्वर परीक्षा/मंचीय प्रस्तुति परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें कल्याण बोरा ने भी प्रतिभाग किया, उनकी प्रस्तुति के आधार पर चयन समिति ने उन्हें ए श्रेणी में रखा, ततपश्चात चयन समिति की संस्तुति के आधार पर कल्याण बोरा को लोकगायक की सूची में सम्मिलित कर दिया गया है। ज्ञात हो कि बोरा ने लोक गायन की प्रारम्भिक शिक्षा लोकगायक शिरोमणी भंतरोजी व सुरेश प्रसाद सुरीला से ली और शास्त्रीय गायन की शिक्षा भारतखण्डे हिन्दुस्तानी संगीत महाविद्यालय अल्मोड़ा से राजेन्द्र सिंह नयाल के सानिध्य में विशारद की उपाधि प्राप्त की, आकाशवाणी व दूरदर्शन के साथ–साथ विहान सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अल्मोड़ा के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी अक्सर इनके कार्यक्रम देखने व सुनने को मिलते हैं। इस उपलब्धि के बाद उन्होंने अपने माता–पिता गोविंदी देवी व नारायण के योगदान को याद करते हुए कहा कि बचपन से ही माता–पिता का सहयोग सदैव मिला, जिसके बाद दिन प्रतिदिन सफलता के मार्ग पर चल सका। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर नीम करौली बाबा व उनके शिष्य ऋषिकेश गिरी महाराज की विशेष कृपा व आशीर्वाद सदैव रहा, जिससे जीवन में हर कार्य आसानी से होते हुए आए हैं। उन्होंने कहा कि आगे उनका प्रयास अन्य लोगों को खासकर युवाओं को संस्कृति से जोड़ने का रहेगा।

# सोमेश्वर से गुमशुदा महिला पंजाब से सकुशल बरामद




अल्मोड़ा। सोमेश्वर निवासी एक व्यक्ति ने बीती 22 जून को थाना सोमेश्वर में अपनी पत्नी की गुमशुदगी की सूचना दी थी जिस पर थाना सोमेश्वर में एफआईआर पंजीकृत की गई थी। एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा महिला गुमशुदगी के मामले को गंभीरता से लेकर सीओ सोमेश्वर व थानाध्यक्ष सोमेश्वर को महिला की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था।

सीओ सोमेश्वर ओशिन जोशी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सोमेश्वर विजय नेगी के नेतृत्व में गुमशुदा महिला की तलाश/बरामदगी हेतु गठित पुलिस द्वारा अलग–अलग दृष्टिकोण से जांच करते हुए विभिन्न माध्यमों से महिला की तलाश हेतु प्रयास जारी रख ठोस सुरागरसी पतारसी से साईबर सेल के सहयोग से अथक प्रयासों के उपरांत गुमशुदा महिला को 20 जुलाई को होशियारपुर पंजाब से सकुशल बरामद किया गया।

गुमशुदा महिला के न्यायालय में कथन अंकित कराने के उपरांत उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

पूछताछ में गुमशुदा महिला ने बताया कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी जिस कारण वह बिना बताए घर से चली गई थी। यहाँ पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सोमेश्वर विजय नेगी, हैड कांस्टेबल गोपाल गिरी, कांस्टेबल वेद प्रकाश, महिला कांस्टेबल आशा कौशल और साईबर सेल अल्मोड़ा से कांस्टेबल बलवंत प्रसाद शामिल रहे।

## विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं

कपकोट। कपकोट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत नरगड़ा, भैसुड़ी कुटीर, परगड़ा, गुलेर एवं खर्क कानातोली में बारिश से भारी नुकसान हुआ है। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने आपदा प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया। ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।

सड़क, बिजली एवं पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख कपकोट गोविंद दानू, पूर्व ब्लॉक प्रमुख कपकोट मनोहर राम, मंडल अध्यक्ष शिखर हरीश कोरंगा, कवींद्र गड़िया, सुरेश कांडपाल, विभिन्न विभागों के अधिकारी, तहसील प्रशासन एवं एनडीआरएफ की टीम मौजूद रही।




## चेतावनी निशान से 50 सेमी ऊपर बह रही है काली नदी

पिथौरागढ़। लगातार भारी बारिश के बाद काली नदी चेतावनी निशान से 50 सेमी ऊपर बह रही है। इस नदी के जल स्तर में वृद्धि के कारण धारचूला से झूलाघाट तक की आबादी में दहशत है।

पूरी रात हुई बारिश के बाद काली का जल स्तर तेजी से बढ़ा है। धौली गंगा बांध से एनएचपीसी ने भी आज सुबह से अतिरिक्त जल छोड़ा हैत्र। इससे नदी का जल स्तर ८८९.५० मीटर पर पहुंच गया है। नदी का चेतावनी निशान ८८९ मीटर है। इसका खतरे का निशान ८९० मीटर है। बारिश के बाद गोरी नदी के साथ ही रामगंगा के जल स्तर में भी उछाल आया है। सरयू नदी भी उफान में बह रही है। प्रशासन ने काली नदी के उफान को देखते हुए लोगों को नदी किनारे नहीं जाने की चेतावनी दी है। पिछले 15 दिनों में यह नदी आठ से अधिक बार चेतावनी निशान पार कर चुकी है।

# कुमाऊं कमिश्नर ने फरियादी को सात साल से फंसी रकम दिलाई

हल्द्वानी। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने अल्मोड़ा निवासी नवीन को जमीन की खरीद में फंसी रकम सात साल बाद वापस दिलाई। रकम मिलने पर नवीन काफी भावुक हो गए। उन्होंने रुपये मिलने पर कमिश्नर का आभार जताया। कुमाऊं कमिश्नर के पास पिछले दिनों दन्या अल्मोड़ा निवासी नवीन राम का मामला पहुंचा था। नवीन ने कमिश्नर को भेजे पत्र में बताया कि उन्होंने 2016 में ग्राम मीठा आंवला तहसील हल्द्वानी में 1500 वर्ग फीट भूमि 2 लाख की धनराशि से मोहन राम से खरीदी थी। इस भूमि का इकरारनामा दोनों की आपसी सहमति के आधार पर 14 जनवरी 2016 को 2 लाख रुपये में हुआ था। नवीन ने बताया कि खरीदी गई भूमि का विक्रेता ने उन्हें कब्जा नहीं दिया। मांगने पर भी उन्हें पैसा भी वापस नहीं किया गया। नवीन ने आयुक्त से प्रार्थना पत्र में मोहन राम से दो लाख वापस दिलाने का अनुरोध किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए कमिश्नर ने भूमि क्रेता व विक्रेता दोनों को कार्यालय में तलब किया। शनिवार को कमिश्नर कैंप कार्यालय में मोहन राम ने नवीन राम को दो लाख का चेक दिया।

## उधारी के पैसे मांगने पर युवक से मारपीट

हल्द्वानी। काठगोदाम में एक युवक को उधारी के पैसे मांगने महंगा पड़ गया। पुलिस के अनुसार बीते शुक्रवार को पीड़ित हिमालय स्कूल गौजाजाली वनभूलपुरा निवासी सुलेमान ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह काठगोदाम गौलापार मजार जा रहा था, रास्ते में आसिम, गुरफान खड़े थे।

## भाजपाईयों ने टिफिन बैठक में दिया एकजुटता का संदेश

चम्पावत। नगर पालिका सभागार में महाजनसंपर्क अभियान के तहत टिफिन बैठक की गई । बैठक के बाद सभी कार्यकर्ताओं ने सभागार में एक साथ बैठकर भोजन करके एकजुटता का संदेश दिया। भोजन के बाद 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। टिफिन बैठक में भाजपाइयों ने एकजुटता का संदेश दिया। मंडल अध्यक्ष तुलसी कुंवर ने केंद्र सरकार के नौ साल की उपलब्धियों के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन तमाम योजनाओं को लोगों के घर तक पहुंचाने की अपील की।

# राजनीतिक बदलाव के लिए 24, 25 जुलाई को होगा गैरसैंण में मंथनः उपपा

अल्मोड़ा। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी की आगामी 24, 25 जुलाई को श्रीदेव सुमन के बलिदान दिवस पर गैरसैंण में होने वाले सम्मेलन की तैयारियां पूरी हो गई हैं। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पी सी तिवारी ने उपपा के नेतृत्वकारी साथियों/ सहयोगियों एवं प्रदेश की अस्मिता की रक्षा की चिंता करने वाली ताकतों से पार्टी की मुहिम के साथ जुटने का आवाह्न किया है। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पी सी तिवारी ने कहा कि एक बड़े ऐतिहासिक जन आंदोलन से अस्तित्व में आया उत्तराखंड कांग्रेस, भाजपा जैसे राष्ट्रीय दलों की राजनीतिक साजिशों का शिकार हुआ है। पिछले 23 वर्षों में इस राज्य के प्राकृतिक संसाधनों, जमीनों की निर्मम लूट हुई है। जिसमें कांग्रेस, भाजपा व उनके साथ खड़ी पार्टियां बराबर की जिम्मेदार हैं। उपपा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में पर्वतीय क्षेत्रों की दुर्दशा बेरोजगारी, महंगाई, राजनीतिक दलों के छल, प्रपंच से राज्य की जनता में हताशा, निराशा व आक्रोश व्याप्त है। जो एक बड़े राजनीतिक बदलाव की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि उपपा राज्य में लूट, खसोट की काली ताकतों से सीधा मोर्चा लेने वाली एक मात्र ताकत है इस बात को जनता तेजी से समझ रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी राज्य का एकमात्र राजनीतिक दल है जिसका रजिस्टर्ड कार्यालय गैरसैंण में है। जो हिमालय और उत्तराखंड के विकास की समझ के साथ राज्य को बर्बाद करने वाले माफियाओं, लुटेरों, नौकरशाहों से टकराने की हिम्मत रखती है। उपपा ने कहा कि उम्मीद है कि उत्तराखंड की जनता राज्य में एक बड़े बदलाव के लिए उपपा के साथ खड़ी होगी।

## गला दबाकर की गई थी मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष की हत्या

काशीपुर। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मो.आरिफ की गला दबाकर हत्या की गई है। पीएम रिपोर्ट में इसका खुलास हुआ है। पुलिस ने आरिफ के बिसरे को भी परीक्षण के लिए देहरादून भेजा है। वहीं, पुलिस केस दर्ज करने के बाद लगातार लोगों से पूछताछ कर रही है।

बता दें कि गुरुवार को मो. आरिफ पुत्र मो. उमर का शव शमशान घाट के आगे रोड से अंदर बाग में मिला। पुलिस ने शव का पंचानामा भरकर उसका पीएम कराया।

# काशीपुर में श्रमिकों से भरी बस पलटी, चालक की मौत

काशीपुर। रामनगर से ग्राम रम्पुरा स्थित फैक्ट्री आ रही श्रमिकों से भरी बस कैला मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसमें सवार 36 श्रमिक घायल हो गए। घायलों में से चार की हालत गंभीर है। घायलों को सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां से परिजन उन्हें निजी अस्पतालों में ले गए हैं। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे एक स्कूल का नाम लिखी बस संख्या यूके 04 सीए 0137 रामनगर और आसपास के श्रमिकों को लेकर ग्राम रम्पुरा स्थित फैक्ट्री आ रही थी। बस में रामनगर और काशीपुर क्षेत्र के श्रमिक 36 श्रमिक सवार थे। प्रतापपुर में कैला मोड़ के पास बस बेकाबू होकर पलट गई। बस में दबकर श्रमिक घायल हो गए। हादसे में बस चालक हेमपुर, सैनिक कॉलोनी काशीपुर निवासी शनिदेव (30 वर्ष) पुत्र शंकर प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई। सूचना पर तहसीलदार यूसुफ अली और एसआई हरेंद्र सिंह पड़लिया पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। तहसीलदार ने पुलिस की मदद से घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। खबर पाकर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# मंदिर में पूजा कर रहे व्यक्ति को बंधक बनाया

हल्द्वानी। कोतवाली में एक व्यक्ति ने गांव के ही दूसरे व्यक्ति पर मंदिर में पूजा करने के दौरान बंधक बनाने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

तहरीर में भुवन चन्द्र तिवारी निवासी वार्ड नंबर–53 मेडिकल चौक रामपुर रोड ने कहा कि वह बीते गुरुवार की शाम गांव के सार्वजनिक मंदिर में शैलेन्द्र सिंह देउ के साथ पूजा कर रहा था। इसी समय पास में रहने वाले पूरन तिवारी और महेश तिवारी निवासी महाकाली बैंक्वेट हॉल निकट एसटीएच आए और गाली गलौज करने लग गए।

उन्होंने मंदिर के बाहर से ताला लगा दिया और दोबारा यहां आने पर जान से मारने की धमकी दी है। आरोप है कि वह लोग बमुश्किल ताला तोड़कर बाहर आए। एसएस–ाआई विजय मेहता ने बताया मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# युवती ने फांसी लगाकर दी जान

हल्द्वानी। वनभूलपुरा में एक युवती ने घर में ही फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए युवती को फंदे से उताकर बेस अस्पताल ले गए।

जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, कोतवाली पुलिस की सूचना पर पहुंची वनभूलपुरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार, शनिवार सुबह इंद्रानगर बड़ी मस्जिद लाइन नंबर एक निवासी लाइबा (22) पुत्री इश्तियाक नमाज अता करने के बाद अपने कमरे में चली गई थी। करीब ८ से ९ बजे के बीच मां ने उसे कई बार आवाज लगाई। लेकिन कमरे से कोई आवाज नहीं आई। जवाब नहीं मिलने पर मां ने कमरे का दरवाजा खोला तो लाइबा फंदे से लटकी थी। परिजनों ने आनन–फानन में लाइबा को फंदे से उतारा और बेस अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने मामले की जानकारी मिलने पर वनभूलपुरा थाना पुलिस को सूचना दी। तब तक लाइबा को परिजन घर ले जा चुके थे। इसके बाद पुलिस ने घर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसओ नीरज भाकुनी ने बताया बगैर पुलिस को सूचना दिए परिजनों ने युवती का शव उतार दिया था।

**कुछ समय पहले टूट गई थी शादी**

परिजनों के अनुसार कुछ समय पहले लाइबा की शादी तय हुई थी। इसी बीच पता चला कि लड़का नाई है। इसलिए उन्होंने शादी तोड़ दी।

# यमुनोत्री हाईवे पर मलबा आने से यातायात ठप, मलबे में फंसे वाहन



उत्तरकाशी : जिले में बीती रात भारी बारिश हुई। इस कारण यमुनोत्री हाईवे पर बड़कोट के गंगनानी तोक में भारी मात्रा में मलबा आने से मार्ग यातायात के लिए पूरी तरह ठप पड़ा है। हाईवे के करीब 30 मीटर हिस्से में मलबा फैलने से कई वाहन मलबे में फंस गए। इसके अलावा हाईवे करीब आधा दर्जन स्थानों पर बाधित रहा। हालांकि कुछ स्थानों पर हाईवे को दोपहर तक चालू कर दिया गया। इसके चलते यात्री खासे परेशान रहे। प्रशासन की ओर से सभी यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। जबकि गंगोत्री हाईवे पर यातायात निर्बाध रूप से जारी रहा।शनिवार रात को हुई भारी बारिश के कारण भूस्खलन होने पर यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग रानाचट्टी, राजस्तर, छटांगा, तलोग, सिलक्यारा, डबरकोट आदि स्थानों पर यातायात के लिए बाधित रहा। दोपहर तक इन स्थानों पर एनएच बड़कोट की मशीनरी ने हाईवे को यातायात के लिए सुचारू किया। यमुनोत्री हाईवे डबरकोट में लगातार पत्थर गिरने से अवरुद्ध पड़ा है। इसके अलावा गंगनानी, महरगांव, सिल्क्यारा में मलबा आने के कारण मार्ग पूरी तरह से बाधित है। एनएच बड़कोट की ओर से मार्गों को खोलने के प्रयास जारी है। उधर, विकासनगर डामटा मोटर मार्ग यमुनापुल, नैनबाग के पास अवरुद्ध रहा, जिसे एनएच बड़कोट की ओर से यातायात के लिए खोला गया। गंगनानी में सड़क पर भारी मलबा आने के कारण दिनभर आवाजाही ठप रही। इस कारण यात्री सैकड़ों की संख्या में सुबह सें ही जाम में फंसे रहे। हालांकि प्रशासन ने मार्ग पर फंसे यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रूकवाया। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग शनिवार को भारी बारिश के बावजूद यातायात के लिए सुचारू रहा। डीएम अभिषेक रूहेला ने बताया कि यमुनोत्री हाईवे को खोलने के निर्देश दिए गए हैं। (एजेंसी)

## कांग्रेस ने फूंका प्रधानमंत्री का पुतला, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

चमोली : जोशीमठ श्रीराम चौराहे पर कांग्रेसियों ने केन्द्र सरकार का पुतला जलाकर मणिपुर की सरकार को बर्खास्त कर वहां पर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। कांग्रेसियों ने जोशीमठ के श्रीराम चौराहे में प्रधानमंत्री का पुतला जलाकर दोषियों के खिलाफ सखत कार्यवाही करने की मांग की। कांग्रेसियों ने कहा कि पिछले 3 महीने से पूरा मणिपुर जल रहा है। महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है। वहां की राज्यपाल तक राज्य के बदतर होते हालात पर चिन्ता जता चुकी हैं लेकिन केन्द्र सरकार कुछ नहीं कर रहा है जो राष्ट्रीय सौहार्द के लिए खतरनाक है। कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करने के बाद एसडीएम कार्यालय के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर मणिपुर राज्य सरकार को तत्काल भंग करने व वहां पर राष्ट्रपति शासन की मांग की है। साथ ही सुप्रीप कोर्ट के रिटार्यड जजों की टीम बनाकर निश्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की।

# घर और विद्यालय के मध्य आवागमन सुरक्षित नहीं तो बच्चे स्कूल न आएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जनपद में लगातार हो रही अतिवृष्टि व आपदा के दृष्टिगत जीर्ण शीर्ण व क्षतिग्रस्त राजकीय प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय भवनों की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके साथ ही जिन छात्र-छात्राओं के आवास से विद्यालय के मध्य आवागमन सुरक्षित न हो उनके अभिभावकों से संपर्क स्थापित करते हुए विद्यालय नहीं भेजे जाने को कहा गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि.) जितेंद्र सक्सेना ने बताया कि जनपद में हो रही अतिवृष्टि/आपदा के दृष्टिगत समस्त उप शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने विकासखंड के अंतर्गत जीर्ण शीर्ण/क्षतिग्रस्त राजकीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय भवनों की समीक्षा करते हुए उनका पूर्ण विवरण संकलित कर लें। साथ ही आपदा/अतिवृष्टि से संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए जर्जर व असुरक्षित कक्षा-कक्षों पर शिक्षण कार्य न किया जाए। इसके लिए संबंधित ग्राम प्रधान, एसएमसी से संपर्क स्थापित करते हुए पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, बारात घरों अथवा ग्राम प्रधान द्वारा उपलब्ध कराए गए अन्य सुरक्षित भवनों पर शिक्षण कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों को घर से विद्यालय आवागमन मार्गों पर रास्ते में नाला, गदेरा, मार्ग भू-स्खलन व आवागमन हेतु सुरक्षित न हो उस संबंध में अभिभावकों से संपर्क कर छात्र-छात्राओं को विद्यालय न भेजा जाए, संबंधित दिवसों में छात्र-छात्राओं का अवकाश नहीं माना जाएगा।

## जनता दरवार सोमवार को

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : प्रदेश में सुशासन के दृष्टिगत जन संवाद तथा जन समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10 बजे 12 बजे तक आयोजित होगा जनता मिलन/जनता दरवार कार्यक्रम।

इस आशय की जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में प्रदेश में सुशासन के दृष्टिगत जन संवाद तथा जन समस्याओं के समाधान की व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रत्येक सोमवार को (राजकीय अवकाश छोड़कर) जिला कार्यालय सभागार में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जनता मिलन/जनता दरवार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनपद वासियों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 24 जुलाई (सोमवार) को पहला जनता मिलन/जनता दरवार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# हादसे के बाद प्रशासन और विभाग एसटीपी प्लांट को लेकर सचेत

चमोली : चमोली में एसटीपी प्लांट में करंट आने के चलते हुई 16 लोगों की अकाल मौत के बाद प्रशासन और संबधित विभाग सभी एसटीपी प्लांट को लेकर सचेत हो गया है। जिसके चलते इंजीनियरों की टीम ने यहां बने पांच एसटीपी प्लांट का निरीक्षण कर जानकारी ली।नगर पालिका क्षेत्र में पिंडर नदी पर नमामि गंगे के तहत पेयजल निर्माण निगम द्वारा पांच एसटीपी का निर्माण किया गया। जिनमें विभिन्न नालों के गंदे पानी को टेप और ट्रीटमेंट कर नदी में डाला जाता है। लेकिन चमोली की घटना के बाद यहां के प्लांटों का भी निरीक्षण किया गया। हरिद्वार से यहां आए पेयजल निर्माण निगम के इंजीनियरों ने यहां पांचों प्लांटों का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां तैनात कर्मियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से भी टीम को अवगत कराया। जांच टीम के सदस्य सहायक अभियंता अशीष कुमार ने बताया कि प्लांटों का निरीक्षण किया गया। कर्मियों द्वारा संबधित समस्याएं बताईं गई है। निरीक्षण सहित अन्य रिपोर्ट उच्चस्तर पर रखी जाएगी। (एजेंसी)

## बारिश से कर्णप्रयाग में ग्रामीण सड़कों पर बना खतरा

चमोली : लगातार हो रही बारिश से विकासखंड में ग्रामीण सड़कों की हालात खराब हो गई है। शुक्रवार की रात्रि की बारिश से जयकंडी-मैखुरा रोड सेरागाड़ में मलबा आने से बंद हो गई। वहीं लंगासू-चमाली-मैखुरा भी कई जगह बंद बताई जा रही है।

शनिवार सुबह नैनीताल हाईवे सिमली के पास पुल पर मलबा आने से बंद हो गया था। जिसे आधा घंटे में वाहनों के लिए खोल दिया गया। वहीं नौटी रोड पर भी जगह जगह मलबा से मार्ग खतरनाक बना हुआ है। जबकि कर्णप्रयाग-नैनीसैंण मार्ग पर बारिश से कई भूस्खलन जोन सक्रिय हो गए हैं। (एजेंसी)

## जल जीवन मिशन के लिए निर्गत धनराशि 31 जुलाई तक खर्च करें

उत्तरकाशी : पेयजल एवं परिवहन सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी ने मुख्यालय में अफसरों की बैठक लेते हुए जल जीवन मिशन के लिए निर्गत की गई धनराशि को 31 जुलाई तक खर्च करने के निर्देश दिए। साथ ही अफसरों को निर्देश दिए कि संचालित योजनाओं को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करते हुए जनता को इसका लाभ दिया जाए।विकास भवन में आयोजित रुद्रप्रयाग एवं पौड़ी जनपद की समीक्षा बैठक लेते हुए सचिव पेयजल एवं परिवहन ह्यांकी ने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है इसमें हर घर नल एवं जल उपलब्ध कराने के लिए जो भी कार्य किए जा रहे हैं

# 12 घंटे बाद खुला कर्णप्रयाग-ग्वालदम हाईवे



चमोली : ग्वालदम–कर्णप्रयाग राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब 12 घंटें बाद आवाजाही सुचारु हुई। आवाजाही शुरू होने पर फंसे सैकड़ों वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। वहीं थराली-देवाल-वांण सड़क का एक हिस्सा थराली तिराहे के पास ही धंस गया हैं। जिससे इस मार्ग पर भी सामान्य यातायात पर प्रभावित हो गया है।

शुक्रवार की देर रात से शुरू हुई बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 109 थराली के पास बैनोली एवं माल्यापोड में मलबा आने एवं पत्थरों के गिरने के कारण यातायात के लिए अवरूद्ध हो गया था। शनिवार की सुबह से ही बीआरओ मार्ग खोलने को जुट गया, कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग को दोपहर करीब पौने एक बजे पूरी तरह यातायात के लिए खोल दिया हैं। थराली –देवाल सड़क जिसकी देख रेख का जिम्मा लोनिवि थराली के पास है किमी एक में थराली तिराहे से डेढ़ सौ मीटर आगे धंस गया हैं। जिससे बड़े वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। क्षेत्र के डेढ़ दर्जन से अधिक ग्रामीण मोटर सड़कों पर भूस्खलन, भू-धंसाव, पत्थर, बोल्डर और पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित हुआ हैं। (एजेंसी)

# घरों और दुकानों में घुसा बारिश का पानी, लोग परेशान



चमोली : शुक्रवार मध्यरात्रि से शुरू हुई तेज बारिश ने नगर वासियों की समस्या बढ़ा दी है। यहां चार से अधिक घरों और दुकानों में बारिश का पानी घुस गया। वहीं सड़क पर आए नाले की चपेट में एक चौपहिया वाहन भी आ गया। हालांकि वाहन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा और सुबह वाहनों को चालक सहित कुछ अन्य युवाओं ने मलबे से उठाकर अलग किया।शुक्रवार रात्रि को यहां तेज बारिश हुई। जिससे नाले और गदेरा उफान पर रहा। वहीं अपर बाजार के रामलीला मैदान, हनुमान मंदिर के आस पास से बारिश के पानी के साथ भारी मलबा नैनीताल हाईवे पर आ गया। यहां दो स्क्रबर बंद होने से पूरा मलबा बाजार की ओर बह गया। जिससे मुख्य बाजार में कीचड़ बन गया। वहीं नैनीताल हाईवे पर खड़ी एक कार भी इसकी चपेट में आ गई। जबकि नए पुल के पास कुछ दुकानों में और घरों में बारिश का पानी घुस गया। स्थानीय लोगों ने स्क्रबर खोलने और जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है।

## थराली में 15 घंटे से बिजली की आपूर्ति रही बाधित

चमोली : शुक्रवार देर रात्रि को हुई भारी बारिस के थराली और आसपास के क्षेत्रों की बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात करीब 10 बजे नारायणबगड़ से थराली को आने वाली 33 केवी की लाइन हरमनी के पास लाइन ब्रेक डाउन हो गई थी। जिस कारण थराली एवं देवाल विकासखंडों में बिजली की आपूर्ति ठप हो गई थी। ऊर्जा निगम के एसडीओ अतुल कुमार ने बताया कि लाइन की मरम्मत का कार्य कर रहा है,जल्द ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। (एजेंसी)



## सीएम धामी ने कैलाश गहतोड़ी के आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को जनपद ऊधमसिंह नगर भ्रमण के दौरान वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी के आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना।

# मुख्यमंत्री ने किया कुमाऊँ गढवाल चेम्बर ऑफ कॉमर्स के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण






देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को काशीपुर, उधम सिंह नगर में कुमाऊं गढ़वाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारे व्यापारी उत्तराखंड के ह्यग्रोथ इंजनह्ण एवं अर्थव्यवस्था के आधार हैं। राज्य में उद्योगों के साथ व्यापार एवं स्वरोजगार को बढावा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। राज्य का शांत वातावरण तथा दक्ष युवा शक्ति उद्योगों के अनुकूल है। उन्होंने कहा कि राज्य के उद्यमी हमारे ब्रांड एम्बेसडर है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार व्यापार और रोजगार के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने और औद्योगिक इकाइयों के लिए श्रेष्ठ वातावरण बनाने के लिए हमारी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। व्यापारियों एवं उद्यमियों की मेहनत के कारण ही आज भारत की अर्थव्यवस्था इस मुकाम पर पहुंची है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड ने सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी केंद्र सरकार की विभिन्न परियोजनाओं में उत्तराखंड के उद्यमियों ने उत्कृष्ट योगदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में बुनियादी ढांचा, कृषि, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश किया जा रहा है। भारत के विकास में आजादी के इस अमृत काल में उत्तराखंड को भी बढ़ चढ़ कर अपना योगदान देना है। इस विकास यात्रा में सभी व्यापारियों की भूमिका बहुत अहम है हमारी सरकार सरलीकरण, समाधान निस्तारण और संतुष्टि के मंत्र को आत्मसात कर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु ऊधम सिंह नगर में राज्य स्तर की उद्योग मित्र बैठक आयोजित की गई थी। राज्य के उद्यमियों द्वारा दिए गए कई बिंदुओं के त्वरित समाधान तथा अनुश्रवण के लिए एक माह के अन्दर ही ऑनलाईन पोर्टल बना दिया गया। राज्य सरकार ने राज्य के उद्यमियों को राज्य का ब्राण्ड अम्बेसडर घोषित करते हुए कहा था कि राज्य में निवेश बढ़ाने में आपकी सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है। राज्य के उद्यमियों द्वारा ब्राण्ड अम्बेसेडर के रूप में कार्य करने से ही विगत वर्ष राज्य को 12,000 करोड़ से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। जो पूर्व वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है। राज्य सरकार इन निवेश प्रस्तावों को शीघ्र की धरातल पर कियान्वित करने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेश की गति को तीव्रता प्रदान करने के लिए दिसम्बर, 2023 में प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भी आयोजित किया जा रहा है। इस समिट से राज्य में निवेश एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उद्योग के क्षेत्र में हो रहे नए आविष्कारों तथा तकनीकों से हमारे उद्यमियों को भी लाभ प्राप्त होगा और उनके सामने अपने व्यवसाय को अन्तर्राष्ट्रीय फलक पर विस्तार देने का अवसर प्राप्त होगा। राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों एवं उद्यमियों की लगन, फीडबैक से हमारा राज्य ईज ऑफ डुईंग बिजनेस रैंकिंग में देश में अचीवर्स की श्रेणी में सम्मिलित होकर अन्य कई बड़े राज्यों के समकक्ष खड़ा हुआ है। राज्य में रेल रोड एवं एयर कनेक्टिविटी में लगातार सुधार हुआ है। देहरादून एयरपोर्ट से विभिन्न शहरों के लिए सीधी वायु सेवा उपलब्ध हो गयी है। पन्तनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के सम्बन्ध में भी प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास के बैकबोन लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को मजबूत करने और राज्य में व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए कई बुनियादी ढांचा परियोजनायें शुरू की गयी है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए स्टेट ऑफ आर्ट के रूप में आई०सी०डी० की स्थापना की गयी है। शीघ्र ही अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का कार्य आरम्भ होने वाला है। उन्होंने कहा कि ह्यह्यप्रधानमंत्री राष्ट्रीय गति–शक्ति नेशनल मास्टर प्लानह्णह्ण के अन्तर्गत लॉजिस्टिक से संबंधित समस्त गतिविधियों पर कार्यवाही राज्य स्तर पर की जा रही है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार द्वारा उत्तराखंड लॉजिस्टिक्स नीति–2023 प्रख्यापित की गयी है। जिससे आधारभूत संरचना के विकास में मदद मिलेगी। राज्य सरकार ने ह्यविकसित उत्तराखंडह्ण को केंद्र में रख कर अपनी नीतियां बनाई हैं और यहीं कारण है कि आज उत्तराखंड तेजी से बिजनेस फ्रेंडली डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहा है।

इस अवसर पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर ऊषा चौधरी, अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग मुकेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, अध्यक्ष केजीसीसीआई अशोक बंसल, महासचिव बांके बिहारी गोयनका, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने बुलाई सांसदों की बैठक

देहरादून। लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुटी भाजपा ने अपने सभी सांसदों की बैठक बुलाई है। 25 जुलाई को नई दिल्ली में होने वाली इस बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी मौजूद रहेंगे। विदित है कि पार्टी लोकसभा चुनावों के प्रचार अभियान में पूरी तरह उतर चुकी है। इसके तहत एक महीने का विशेष महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा चुका है और अब दो महीने का सघन अभियान शुरू करने की तैयारी है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व राज्य के सभी सांसदों के साथ बैठक कर विभिन्न सांगठनिक विषयों में सांसदों की भूमिका को लेकर चर्चा करेगा।

इस बैठक में हाल में संपन्न हुए महाजनसंपर्क अभियान में सांसदों की सक्रियता के साथ ही कई विषयों पर चर्चा होगी। बैठक में जनता से मिले फीडबैक को लेकर भी सांसदों से चर्चा की जाएगी।

साथ ही सांसद अपने क्षेत्र के आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी राय देंगे।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**विषयः निविदा सूचना संख्या 105-DRM-MB-23-24 dated 18.07.2023 के संबंध में।**

उपरोक्त निविदा की अनुमानित लागत ₹2,67,67,007.65 के स्थान पर ₹2,67,67,092.55 पढ़ी जाए तथा schedule के एन०एस० आइटम संख्या 16 को हटाकर आइटम संख्या 19 और 20 को जोड़ा गया है जो कि IREPS वेबसाइट पर उपलब्ध है निविदा की अन्य नियम व शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

2246/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गरीबी पर बहस हो



ऐसी रिपोर्ट के साथ यह सवाल जुड़ा होता है कि इसे जारी करने का मकसद असल सूरत को सामने लाना है ताकि गरीबी उन्मूलन की दिशा में प्रगति हो सके– या अपनी सफलता का बखान करना?

पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने बहुआयामी गरीबी सूचकांक जारी किया था, जिसमें बताया गया कि इस पैमाने पर भारत में गरीबों की संख्या घटकर 16.4 रह गई है। सोमवार को नीति आयोग ने इसी पैमाने पर अपनी रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया कि भारत में 2019–21 में घटकर 14.96 प्रतिशत रह गई है। दोनों रिपोर्टों में बताया गया कि उन्होंने अपनी गणना को राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे–5 को आधार बनाया गया है। तो आखिर यह अंतर कैसे आ गया? यह अंतर इसलिए आया कि नीति आयोग ने दो नए पैमाने जोड़े। उसने प्रसव के समय मातृ मृत्यु दर और बैंक खातों को भी गरीबी मापने का आधार बनाया। इसके अलावा रसोई गैस की उपलब्धता जैसे आधार का वजन बढ़ा दिया गया। उससे लगभग डेढ़ प्रतिशत का फर्क पड़ गया। यह अंतर ये भी बताता है कि गरीबी मापने में अगर कुछ भी हेरफेर कर दी जाए, तो संख्या में भारी फर्क पड़ सकता है। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान में गरीबी दर में सबसे तेज कमी देखी गई।

बहुआयामी गरीबी पैमाने पर भारत में 2015–16 में 24.85 प्रतिशत लोग गरीब थे, जो संख्या 2019–21 में 14.96 प्रतिशत हो गई। यानी पांच साल में गरीबी 9.89 प्रतिशत घटी है। यह भी दावा किया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट आई है। रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी 32.59 प्रतिशत से घटकर 19.28 प्रतिशत हो गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में गरीबी 8.65 प्रतिशत से घटकर 5.27 प्रतिशत हो गई। लेकिन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच असमानताएं बनी हुई हैं। शहरी क्षेत्रों में 5.27 प्रतिशत की तुलना में ग्रामीण आबादी का 19.28 प्रतिशत बहुआयामी रूप से गरीब है। बहरहाल, ऐसी रिपोर्ट के साथ यह सवाल जुड़ा होता है कि इसे जारी करने का मकसद असल सूरत को सामने लाना है ताकि गरीबी उन्मूलन की दिशा में प्रगति हो सके– या अपनी सफलता का बखान करना? खासकर यह सवाल इसलिए बरबस उठ जाता है, जब आंकड़ों से खिलवाड़ होता हुआ नजर आता है।

# देश में क्या है शर्म ? सभी है दोषी !

**अजीत द्विवेदी**




**इस घटना का वीडियो बनाया गया था और सैकड़ों लोग नंगी आंखों से इस घटना गवाह बने थे। फिर भी पूरे मणिपुर में मुर्दा शांति बनी रही। हैरानी की बात है कि शांति बहाली के प्रयास के लिए 29 मई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर के दौरे पर गए। वे कुकी और मैती दोनों समुदायों को राहत शिविरों में गए। क्या किसी ने उनको इस घटना के बारे में नहीं बताया? अगर नहीं बताया है तो अभी तक उन्होंने मुख्यमंत्री से लेकर पुलिस, प्रशासन और खुफिया पुलिस के लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की है?संपूर्ण मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना की जानकारी हजारों लोगों को थी। पुलिस के लोग घटना के बारे में जानते थे। निश्चित रूप से राजनीतिक आकाओं को इसकी जानकारी होगी। लेकिन किसी ने कोई कार्रवाई नहीं की।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मणिपुर की बेटियों के साथ जो हुआ उसके दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि वे मणिपुर के वीडियो को लेकर बहुत परेशान हैं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने आगे बढ़ कर कहा है कि अगर सरकार कार्रवाई नहीं करेगी तो सुप्रीम कोर्ट कार्रवाई करेगा। लेकिन सवाल है कि दोषी कौन है? मणिपुर की इंफाल घाटी के मैती बहुल थौबल जिले की वह भीड़, जिसके सामने दो महिलाओं को निर्वस्त्र किया गया या वो लोग जिन लोगों ने महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाई या उनके साथ सामूहिक बलात्कार में शामिल हुए? क्या कांगपोक्पी जिले की पुलिस दोषी नहीं है, जिसने 18 मई को एफआईआर दर्ज किया और ठीक दो महीने बाद वीडियो वायरल होने तक कोई कार्रवाई नहीं की? क्या थौबल जिले की पुलिस के सिर यह अपराध नहीं आएगा, जिसकी आंखों के सामने कुकी–जोमी समुदाय के एक पूरे परिवार को उजाड़ दिया गया?

घटना चार मई की है, जब वीडियो में दिख रही 20 साल की युवती की आंखों के सामने उसके पिता और भाई की हत्या कर दी गई और पूरा परिवार उजाड़ दिया गया। दोनों महिलाओं को आतातायी भीड़ पुलिस के हाथों से खींच कर ले गई और उनको निर्वस्त्र किया, उनके साथ बलात्कार किया। तो क्या वह पुलिस इस अपराध में शामिल नहीं मानी जाएगी, जिसके सामने यह अत्याचार हुआ? फिर किन दोषियों को तलाश किया जा रहा है? चीफ जस्टिस को कार्रवाई करनी है तो हाई कोर्ट से ही क्यों नहीं शुरू करते, जिसके एक आदेश के बाद हिंसा की शुरुआत हुई थी? प्रधानमंत्री को कार्रवाई करनी है तो मुख्यमंत्री से शुरू क्यों नहीं करते, जिसके राज में स्त्रियों के साथ ऐसी बर्बर और अमानवीय घटना हो रही है और जिसकी वजह से पूरी दुनिया के सामने भारत शर्मसार हो रहा है?

दो महिलाओं के साथ अमानवीयता का वीडियो सामने आने के 12 घंटे के बाद राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अपनी पीठ थपथपाते हुए कहा कि इस मामले में पहली गिरफ्तारी हो गई है। यह कितने शर्म की बात है! चुल्लू भर पानी में डूब मरने की बात है कि घटना के 77 दिन के बाद राज्य का मुख्यमंत्री कह रहा है कि पहली गिरफ्तारी हुई है! क्या राज्य के मुख्यमंत्री को इस घटना की पहले से जानकारी नहीं थी? अगर जानकारी नहीं थी तो राज्य के सर्वोच्च प्रशासनिक प्राधिकार के नाते उनको पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। वीडियो में दिख रहे दरिंदों को गिरफ्तार करने से पहले थौबल और कांगपोक्पी जिले की समूची पुलिस फोर्स पर कार्रवाई करने की जरूरत है, जिन्होंने सब जानते बूझते कोई कार्रवाई नहीं की। जिस मैती बहुल थाना क्षेत्र की यह घटना है वहां के सभी पुलिसकर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। जिस कुकी–जोमी बहुल थाना क्षेत्र में जीरो एफआईआर दर्ज हुई थी, उस थाना क्षेत्र के भी सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

यह कोई सामान्य अपराध नहीं है, जिसमें दो–चार दोषियों की गिरफ्तारी हो और मामला रफा–दफा हो। यह समूचे सिस्टम के विफल होने की घटना है। अगर आप घटना की क्रोनोलॉजी सुनेंगे तब समझ में आएगा कि किस तरह से पूरे सिस्टम ने इस घटना को होने दिया और उसके बाद दबाए रखा। मणिपुर में तीन मई को कुकी और मैती समुदायों के बीच हिंसा की शुरुआत हुई थी। उसके अगले दिन चार मई को थौबल जिले के एक मैती बहुल इलाके में कुकी–जोमी समुदाय के एक परिवार के घर पर भीड़ ने हमला किया। परिवार के पांच लोग जान बचा कर भागे और पुलिस के पास पहुंचे। लेकिन भीड़ ने पुलिस के हाथों से उनको छीन लिया और दो पुरुष सदस्यों की मौके पर ही हत्या कर दी। उसके बाद दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके पूरे गांव में घुमाया गया, उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई गई और उनके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। किसी तरह से महिलाएं वहां से भाग कर कुकी–जोमी बहुलता वाले इलाके में पहुंचीं और पुलिस के पास जाकर मुकदमा दर्ज कराया। चार मई की घटना पर अज्ञात लोगों के खिलाफ जीरो एफआईआर 18 मई को दर्ज की गई और मुकदमे की फाइल थौबल भेजी गई, जहां घटना घटित हुई थी।

इस घटना का वीडियो बनाया गया था और सैकड़ों लोग नंगी आंखों से इस घटना गवाह बने थे। फिर भी पूरे मणिपुर में मुर्दा शांति बनी रही। हैरानी की बात है कि शांति बहाली के प्रयास के लिए 29 मई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर के दौरे पर गए। वे कुकी और मैती दोनों समुदायों को राहत शिविरों में गए। क्या किसी ने उनको इस घटना के बारे में नहीं बताया? अगर नहीं बताया है तो अभी तक उन्होंने मुख्यमंत्री से लेकर पुलिस, प्रशासन और खुफिया पुलिस के लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की है?

संपूर्ण मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना की जानकारी हजारों लोगों को थी। पुलिस के लोग घटना के बारे में जानते थे। निश्चित रूप से राजनीतिक आकाओं को इसकी जानकारी होगी। लेकिन किसी ने कोई कार्रवाई नहीं की। लोग पूछ रहे हैं कि आखिर मणिपुर में पिछले ढाई महीने से चल रही हिंसा समाप्त क्यों नहीं हो रही है? हिंसा कैसे समाप्त होगी, जब इस तरह की वीभत्स घटना पर भी पुलिस और प्रशासन आंखें बंद किए रहेगा? इससे अपराधियों के हौसले बढ़े और दूसरी ओर क्रिया के बराबर और विपरीत प्रतिक्रिया की भावना भी प्रबल हुई। हिंसा भडक़ने के दूसरे दिन हुई इस अमानवीय घटना की प्रतिक्रिया में न जाने कितनी हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया गया। अगर पुलिस ने उसी दिन कार्रवाई की होती और दोषियों को गिरफ्तार किया होता तो शायद हिंसा को रोकने में कामयाबी मिलती। लेकिन इस वीभत्स घटना को झूठे जातीय गर्व का चोला पहना दिया गया। इस्लामी देशों से लेकर अफ्रीकी और दक्षिण अमेरिकी देशों में भी जातीय, नस्ली हिंसा होती है लेकिन ऐसी वीभत्स घटना उन देशों से भी सुनने को नहीं मिलती हैं।

पहली नजर में यह पुलिस और प्रशासन की विफलता दिखती है लेकिन असल में यह एक समाज के नाते पूरे देश की और हर नागरिक की विफलता है। जिस समाज में महिलाओं के साथ इस तरह की घटना होती है वह समाज कहीं से सभ्य कहे जाने लायक नहीं है। हम बलात्कार के दोषियों की रिहाई पर माला पहना कर उनका स्वागत करते हैं। हम स्त्रियों का यौन उत्पीडऩ करने वाले को इसलिए बचाते हैं कि वह एक खास दल का सांसद है। फिर हम कैसे ऐसी घटनाओं से बच सकते हैं? हम कैसे एक समाज के रूप में विफल रहे हैं यह इस बात से भी पता चलता है कि सैकड़ों लोगों की जिस भीड़ के सामने इस शर्मनाक घटना को अंजाम दिया जा रहा था उस भीड़ में किसी की अंतरात्मा नहीं जागी। किसी ने आगे बढ़ कर उन स्त्रियों के शरीर पर एक कपड़ा नहीं डाला। यह सही है कि दो निर्वस्त्र स्त्रियां वीडियो में दिख रही हैं लेकिन असल में नंगे वे सैकड़ों लोग थे, जो उस भीड़ का हिस्सा थे। वे जीते जागते लोग थे लेकिन उनकी आत्मा मर चुकी थी। सोचें, उस समय उन स्त्रियों का मन कैसे चीत्कार रहा होगा? क्या वे धरती फट जाने की कामना कर रही होंगी या पूरी सृष्टि के नष्ट हो जाने की प्रार्थना कर रही होंगी? घटनास्थल के हजारों मील दूर आज जिन लोगों का सचमुच कलेज फट रहा है वे भी उन महिलाओं की वास्तविक पीड़ा का अंदाजा नहीं लगा सकते हैं। यह पाप हम सब पर भारी है, सब इस पाप के भागीदार हैं, कोई क्षमा का हकदार नहीं है।

००

# चुनावी मुकाबले में 'इंडिया'

बयान में कहा गया है कि 'इंडिया' रणनीतिक क्षेत्रों में सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख भूमिका को बहाल करेगा। यह एक बड़ा वादा है। इसे पूरा करने की नए गठबंधन के पास क्या रणनीति है, इसका संकेत संभवतः उसके साझा न्यूनतम कार्यक्रम में मिलेगा।

छब्बीस विपक्षी दलों ने अपने गठबंधन का नाम कुछ इस ढंग से रखा, जिससे उसका शॉर्ट फॉर्म 'इंडिया' बने। इस तरह उन्होंने भारत के मतदाताओं के मन को छूने की कोशिश की है। इस प्रयास में उन्होंने दो शब्द अपने नाम के फुल फॉर्म में जोड़े– डेवलपमेंटल और इन्क्लूसिव। इस तरह इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) बना। अगर थोड़ा पीछे मुड़ कर देखा जाए, तो जब यूपीए का शासन था, तब इन्क्लूसिव डेवलपमेंट शब्द काफी प्रचलित था। यूपीए ने अपनी विकास दृष्टि को इसी शब्द से व्यक्त किया था, जो वैसे नव–उदारवादी नीतियों के साथ सारी दुनिया में पहुंचा था। अर्थ यह है कि जो विकास हो, वह समावेशी हो। यानी उसके लाभ सभी तबकों तक पहुंचें। इसके लिए यूपीए के जमाने में एक सोशल एजेंडा अपनाया गया था, जिसे कार्यरूप देने के लिए सोनिया गांधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद बनाई गई थी।

अब अगर सिर्फ नाम बनाने के लिए इन शब्दों को नहीं वापस नहीं गया है, तो कहा जा सकता है कि उसी विकास नजरिए के जरिए 'इंडिया' एनडीए का मुकाबला करने की रणनीति बनाएगा। इस बात की झलक नव–गठित गठबंधन के साझा बयान में भी मिली। इसमें मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना करते हुए कहा गया है कि 'इंडिया' रणनीतिक क्षेत्रों में सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख भूमिका को बहाल करेगा। यह एक बड़ा वादा है। इसे पूरा करने की नए गठबंधन के पास क्या रणनीति है, इसका संकेत संभवतः जब यह अपना साझा न्यूनतम कार्यक्रम जारी करेगा, तब मिलेगा। फिलहाल, यह अपेक्षा जरूर जताई जा सकती है कि गठबंधन आज के तकाजे को देखते हुए शिक्षा और स्वास्थ्य को भी रणनीतिक क्षेत्र का हिस्सा माने। इन दो पैमानों पर देश में प्रयाप्त प्रगति ना होने का असर यह है कि देश आर्थिक विकास की अपनी संभावनाओं को भी हासिल नहीं कर पा रहा है। इन क्षेत्रों को निजी क्षेत्र के हाथ में छोड़ देने से आम जन का जीवन महंगा हुआ है, जिसका खराब असर उनकी कुल खुशहाली पर पड़ा है। इस सूरत को बदलने का

# ट्रंप की गिरफ्तारी के बनते अवसर?

**हैरानी की बात है किइस सबके बीच ट्रंप का समर्थन बढ़ रहा है। साफ है'मेक अमरीका ग्रेट अगेन'टोली के चलते अमिरिकी समाज विभाजित हो गया है। वेऔर उनके सहयोगी तमाम अनिश्चिताओं के बावजूद सन् 2024 के चुनाव में जोरदार जीत केप्रति आश्वस्त हैं।न्यूयार्क टाईम्स में हाल में छपी एक खबर के अनुसार यदि ट्रंप 2025 में व्हाइट हाउस मेंवापिस लौटते हैं तो राष्ट्रपति के हाथों में और अधिक शक्तियां सौपने की योजना पर काम होगा। अभी की तुलना में राष्ट्रपति का सरकार पर सीधानियंत्रण बहुत बढ़ जाएगा। प्रशासन इन–वेटिंगतैयार है जो वर्तमान मेंअमेरिका फर्स्ट पालिसी इंस्टीटयूट (एएफपीआई) नामक थिंक टैंक के रूप में काम कर रहा है। इसके 172 कर्मियों में से आठ ट्रंप प्रशासन की केबिनेट के सदस्य थे।इसमें20 अन्यराजनीतिज्ञ भी नियुक्त किए गए हैं।**

**श्रुति व्यास**

डोनाल्ड ट्रंप को जल्द मुकदमे का, गिरफ्तारी का सामना करना पड़ सकता है। पूर्व राष्ट्रपति को एक चिी भेजी गई है। वह यह बताती है कि 2020 केचुनाव मेंहारने के बाद सत्ता पर काबिज रहने के हथकंड़ों पर उन्हे फेडरल मुकद्दमे का सामना करना पड़ेगा।इस मामले की जांच कर रहे विशेष प्रॉसिक्यूटरजैक स्मिथ ने बचावपक्ष को सूचित कियाहै कि जांचकर्ताओं को ट्रंप के अपराधी होने के साक्ष्य मिले।

ट्रंप ने अपनी ख़ास शैली में सोशल मीडिया में इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने जेक स्मिथ को 'पागल'बताते हुए कहा कि,"उन्हें (ट्रूप) 6 जनवरी की घटनाओं कीग्रेंड जूरी द्वारा की जा रही जांच में निशाना बनाया जा रहा है"। ट्रंप ने खुद लिखा है किइस प्रकार के पत्र के बादलगभग हमेशा गिरफ्तारी और अभियोजनहोता है।ट्रंप का इन दिनोंचुनावी कैंपेन ही इस बात पर है किवे राजनैतिक बदले की कार्यवाही के शिकार हैं।

यह जेक स्मिथ द्वारा लगाया गया दूसरा अभियोग है। वे ही ट्रंप द्वारा व्हाईट हाउस से गोपनीय दस्तावेज अपने साथ ले जाने,राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने, दस्तावेजों को वापिस लेने केसरकारी काम में बाधा डालने के मामले में भी अभियोजक हैं।इसके अलावा ट्रंप पर मेनहट्टनमें सन् 2016 के चुनाव के पहले एक पोर्न स्टार को चुप रहने के बदले धन दिए जाने कामामला भी है। इस मामले में उनपर फुल्टन काउंटीमें जिला एटार्नी द्वारा आरोप लगाए जानेकी संभावना है। वे ट्रम्प द्वारा राज्य में सन् 2020 में हुई चुनावी हार को पलटने केप्रयासों से जुड़े मामले की बी जांच कर रहे हैं।




जाहिर है ट्रंप एक के बाद एकमुकद्दमों, अपराधों के आरोपों और कानूनी झमेलों के दलदल में फंसते जा रहे हैं।बावजूद इसकेराष्ट्रपति चुनाव अभियान जारी है, जिसमें वे अपने सभी रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वियों से आगे हैं।उन्हें जेल जाना पड़ सकता है, इससे बेफिक्रट्रंप चीख–चीखकर जनता को कह रहे हैं कि2020में उन्हें गलत तरीके से हराया गया और मुकद्दमें उन्हें ''प्रताड़ित करने"के लिएहो रहे है। कुछ समय पहले उन्होंने अपने समर्थकों की एक भीड़ के आगे कहा था,''मैं आपका न्यायहूं। मैं आपका प्रतिरोध हूं"।

उन्का ताजा मिले अभियोजन पत्र के बारे में कहना है– यह देश के लिए एक ''डरावनी खबर"है, एक कालादिन है और बाइडन की "अपने सबसे बड़े राजनैतिक विरोधी"को गिरफ्तार करने कीकोशिश है।

हैरानी की बात है किइस सबके बीच ट्रंप का समर्थन बढ़ रहा है। साफ है'मेक अमरीका ग्रेट अगेन'टोली के चलते अमिरिकी समाज विभाजित हो गया है। वेऔर उनके सहयोगी तमाम अनिश्चिताओं के बावजूद सन् 2024 के चुनाव में जोरदार जीत केप्रति आश्वस्त हैं।

न्यूयार्क टाईम्स में हाल में छपी एक खबर के अनुसार यदि ट्रंप 2025 में व्हाइट हाउस मेंवापिस लौटते हैं तो राष्ट्रपति के हाथों में और अधिक शक्तियां सौपने की योजना पर काम होगा। अभी की तुलना में राष्ट्रपति का सरकार पर सीधानियंत्रण बहुत बढ़ जाएगा। प्रशासन इन–वेटिंगतैयार है जो वर्तमान मेंअमेरिका फर्स्ट पालिसी इंस्टीटयूट (एएफपीआई) नामक थिंक टैंक के रूप में काम कर रहा है। इसके 172 कर्मियों में से आठ ट्रंप प्रशासन की केबिनेट के सदस्य थे।इसमें20 अन्यराजनीतिज्ञ भी नियुक्त किए गए हैं। एएफपीआई ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की तैयारी के लिएनिर्मित सबसे नया थिंक टैंक है, लेकिन यह सबसे बड़ा नही है। हेरिटेज फाउंडेशन, जिसेरोनाल्ड रीगन की 'क्रांति'की तैयारियों में अपनी भूमिका पर गर्व है, का अपनाअभियान अलग है।इसका नेतृत्व पॉल डेन्स के हाथ में है, जो एक वकील हैंऔर जो ट्रंप के कार्यकाल में व्हाइट हाउस के आफिस ऑफ पर्सनल मेनेजमेंट मेंकाम करते थे।सोचे, कानूनी अफरातफरी के बीच भी ट्रंप भविष्य के अपने प्रशासन को बनाने के काम में लगे हैं।ट्रंप के लोग और विरोधी आगे की होनी–अनहोनी की तैयारी कर रहे हैं।मतलब यदि जो अपरिहार्य है वह हो गया तो क्याकरना होगा?जैसे ट्रंप के सत्ता में आने के बाद अमेरिका यदि नाटो छोड़देता है, तो क्या किया जाएगा? इसके प्लान बी का मसविदा यूरोप में तैयार हो रहा है। यही कारण है कि फ्रांसके राष्ट्रपति ने यूरोपियन संघ की सुरक्षा के संबंध में बोलते हुए कहा कि यूरोप अपनी साझा सुरक्षा और स्थिरता के मसलों को अमेरिकी मतदाताओं की इच्छाके हवाले नहीं कर सकता। उनके इन कथनों की आलोचना हुई लेकिन सस्ती लोकप्रियता केइस दौर में यूरोप ही नहीं हर देश को अब सैन्य और आर्थिकदोनों दृष्टियों से खुद की सुरक्षा में समर्थ होना चाहिए।

जहां तक ट्रंप का सवाल है, उन्हें पहले से मालूम है कि सत्ता उनकी जेब में है।इसलिएमुकद्दमें संबंधी खबरें उन्हें और लफ्फाजी करने का अवसर देती हैं। और उनकेसमर्थक भी उनकी लफ्फाजियों को पसंद करते हैं।

## प्रेग्नेंसी में पैरासिटामोल खाना सही या नहीं? पेट में पल रहे बच्चे पर इसका क्या होता है असर...

जब किसी को बुखार होता है तो वह अपने और भी कई तरह की बीमारी लेकर आती है. जैसे सिर दर्द, शरीर में दर्द आदि. बुखार को ठीक करने के लिए अक्सर हम क्रोसिन, पैरासिटामोल, डोला, सुमो, कालपोल का इस्तेमाल करते हैं. लेकिन क्या प्रेग्नेंसी के दौरान भी इन दवाईयों का इस्तेमाल कर सतते हैं. कहीं यह बच्चे के लिए खतरनाक तो साबित नहीं होगा. प्रेग्नेंसी के दौरान कुछ महिलाएं तो बिना डॉक्टर से पूछे दवा नहीं खाती हैं लेकिन कुछ ऐसी भी हैं जो बिना सोचे समझे धड़ल्ले से पैरासिटामोल खा लेती हैं. आज हम आपको अपने आर्टिकल के जरिए यह बताने की कोशिश करेंगे कि प्रेग्नेंसी में पैरासिटामोल खाना सही है या नहीं?रिसर्च के मुताबिक प्रेग्नेंसी के दौरान पैरासिटामोल इसलिए नहीं खाना चाहिए क्योंकि यह प्लेसेंटा के बैरियर को पार कर लेता है. सिर्फ इतना ही नहीं यह भ्रूण को काफी ज्यादा नुकसान भी पहुंचाता है. इसका सीधा असर बच्चे के विकास पर भी होता है. और बच्चा का लिवर भी खराब कर सकता है. पैरासिटामोल खाने से बच्चों का रिप्रोडक्टिव और यूरोजेनाइटल डिसॉर्डर का जोखिम भी बढ़ा देता है. इस बीमारी में बच्चे का पेशाब करने का रास्ता ठीक से खुलता नहीं है.

# क्या आप भी डाइजेस्टिव बिस्किट्स को हेल्दी समझ कर खाते हैं? ये 5 गंभीर नुकसान हो सकते हैं

हम भारतीयों को चाय बिस्किट खाना काफी पसंद है. मार्केट में एक से बढक़र एक बिस्किट मौजूद है. हालांकि ये बिस्किट सेहत के लिए फायदेमंद नहीं होते. यही वजह है कि लोग डाइजेस्टिव बिस्किट खाना ज्यादा प्रिफर करते हैं. बिस्किट बनाने वाली भी कंपनियां दावा करती है कि डाइजेस्टिव बिस्किट में मैदा नहीं होता.ये आसानी से पच जाता है. कई बार जो लोग बीमार रहते हैं वह भी डाइजेस्टिव बिस्किट खाते हैं. लेकिन क्या आपको मालूम है कि डाइजेस्टिव बिस्किट भी हेल्दी नहीं है. इसे खाने से आपके सेहत को नुकसान पहुंच सकता है. आइए जानते हैं इस बारे में विस्तार से...क्या सच में अनहेल्दी है डाइजेस्टिव बिस्किट

जिस डाइजेस्टिव बिस्किट को आप हेल्दी समझकर महंगे दामों पर खरीदते हैं उन्हें बनाने के लिए कई तरह के केमिकल और प्रिजर्वेटिव का इस्तेमाल किया जाता है. जब आप लगातार इस तरह के बिस्किट का सेवन करते हैं तो इससे आपकी सेहत को गंभीर नुकसान हो सकता है. इसमें आर्टिफिशियल स्वीटनर्स, रिफाइंड आटे का इस्तेमाल किया जाता है. इसका टेस्ट बढ़ाने के लिए टेस्ट इन्हेंसर का भी इस्तेमाल किया जाता है जो कि सेहत के लिए काफी नुकसानदायक होता है.डॉक्टर्स के मुताबिक अगर आप डाइजेस्टिव बिस्किट का सेवन करते हैं तो आप महसूस करते हैं कि इसमें कम चीनी होती है लेकिन इन्हें ऐसा स्वाद लाने के लिए नेचुरल यानी प्राकृतिक के स्विटर के साथ ही अलग से चीनी का भी इस्तेमाल किया जाता है. ऐसा करने से यह हेल्दी डाइट ना रहकर आपकी डाइट में एक्स्ट्रा चीनी ऐड करने का काम कर देते हैं. इनके बहुत अधिक सेवन से दांतों का खराब होना, मोटापा, दिल से जुड़ी बीमारियों या डायबिटीज का खतरा कई गुना बढ़ जाता है.

**डाइजेस्टिव बिस्किट खाने के नुकसान**

1.डाइजेस्टिव बिस्किट में सैचुरेटेड फैट की मात्रा होती है जिससे कोलेस्ट्रॉल बढऩे की संभावना हो सकती है. 2.डाइजेस्टिव बिस्किट को बनाने में सोडियम का भी इस्तेमाल होता है. बहुत ज्यादा मात्रा में इनका सेवन हाई बीपी से जुड़ी समस्याएं पैदा कर सकता है. जिससे आपके दिल को भी नुकसान हो सकता है. 3.डाइजेस्टिव बिस्किट को बनाने में भी प्रिजर्वेटिव का इस्तेमाल किया जाता है. इसके अलावा इसमें सुगंध के लिए भी कई तरह के एसेंस मिलाए जाते हैं. जिस से भी आप को गंभीर नुकसान हो सकता है. 4.बिस्किट को बनाने में आर्टिफिशियल स्वीटनर का इस्तेमाल किया जाता है.इससे ब्लड शुगर बढऩे का खतरा हो जाता है. 5.डाइजेस्टिव बिस्किट में मैदे की ज्यादा गेहूं के आटे का इस्तेमाल किया जाता है. गेहूं के आटे में ग्लूटेन होता है. अलग अलग ब्रांड की डाइजेस्टिव बिस्किट में ग्लूटेन की मात्रा अलग–अलग इस्तेमाल की जाती है अगर आप ग्लूटेन सेंसिटिव है तो यह डाइजेस्टिव बिस्किट आपके लिए सेहतमंद नहीं हो सकता है. इसे आप को डायरिया, पेट दर्द की शिकायत हो सकती है.

## जापान के इबाराकी में 4.8 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के टोक्यो के उत्तर–पूर्व में इबाराकी प्रान्त के कुछ हिस्सों में 4.8 तीव्रता का भूकंप आया, मौसम विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 10.52 बजे 50 किमी की गहराई पर आया। इसकी तीव्रता जापान के भूकंपीय तीव्रता पैमाने पर 4 मापी गई। इसका केंद्र इबाराकी से 36.5 डिग्री उत्तर अक्षांश और 140.8 डिग्री पूर्व देशांतर पर था। सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

## नासा का मार्स हेलीकॉप्टर मंगल ग्रह पर नई उड़ान भरेगा

**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।** नासा के मार्स हेलीकॉप्टर की शनिवार को मंगल ग्रह (रेड प्लानेट) पर एक नई उड़ान भरने की उम्मीद है। एजेंसी ने यह जानकारी दी है। नासा एजेंसी के अनुसार हेलीकॉप्टर को अपनी नई उड़ान में 10 मीटर की ऊंचाई तक पहुंचने और 203 मीटर की यात्रा करने के लिए लगभग 137 सेकंड लेने की उम्मीद है। जो मंगल ग्रह पर यह 53वीं उड़ान है। इनजेन्युटी मार्स हेलीकॉप्टर 18 फरवरी, 2021 को मंगल ग्रह के जेज़ेरो क्रेटर पर पहुंचा, जो नासा के पर्सविरंस रोवर से जुड़ा हुआ था। यह हेलीकॉप्टर पहली बार किसी अन्य ग्रह पर संचालित उड़ान का परीक्षण करने के लिए टेक्नोलॉजी प्रदर्शन पर जा रहा है। नासा के अनुसार हेलीकॉप्टर को एक बार में लगभग 300 मीटर की दूरी और सतह से लगभग तीन से 4.5 मीटर की दूरी 90 सेकंड में उड़ान भरने के लिए डिज़ाइन किया गया था।

## स्वीडन ने इराक में अपने दूतावास कर्मचारियों को स्टॉकहोम वापस बुलाया

**स्टॉकहोम , एजेंसी।** इराक में स्वीडिश दूतावास के कर्मचारियों को अस्थायी रूप से बगदाद से हटाकर स्टॉकहोम भेज दिया गया है। स्वीडिश अधिकारियों ने ये बात कही है।

स्वीडिश विदेश मंत्रालय ने एक लिखित बयान में बताया, दूतावास कर्मी नियमित उड़ान से स्वीडन पहुंच गए हैं।

स्वीडन में कुरान और इराकी झंडे को जलाने के विरोध में सैकड़ों इराकियों ने बगदाद में स्वीडिश दूतावास पर हमला कर दिया और इमारत में आग लगा दी। इसके बाद स्वीडन ने अपने दूतावास कर्मचारियों को स्टॉकहोम वापस बुला लिया। इराकी सरकार ने स्वीडिश राजदूत को इराक छोडने् और स्वीडन से अपने चार्ज डी'एफ़ेयर को वापस बुलाने का फैसला किया।सरकार के एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल–सुदानी ने ये फैसला स्वीडन में कुरान और इराकी झंडे को जलाने के जवाब में लिया गया है।जिस व्यक्ति ने पिछले महीने स्टॉकहोम में कुरान जलाया था, उसने फिर से प्रदर्शन के लिए स्वीडिश पुलिस से अनुमति मांगी है। उसने एक और कुरान जलाने की योजना बनाई है।इससे पहले स्वीडिश अधिकारियों द्वारा अधिकृत एक प्रदर्शन के दौरान 28 जून को स्टॉकहोम में एक मस्जिद के सामने कुरान की एक प्रति फाडने् और जलाने के बाद, 30 जून को प्रदर्शनकारियों ने मध्य बगदाद में भारी किलेबंदी वाले ग्रीन जोन के ठीक बाहर स्वीडिश दूतावास पर धावा बोल दिया था।

# परिवार के एक कॉल पर मिलते थे हजारों करोड़ के लोन'

### फोन बैंकिंग घोटाले पर पीएम मोदी ने पिछली सरकार पर साधा निशाना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सातवें रोजगार मेले में वर्चुअल माध्यम से 70146 नवनियुक्त सरकारी कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरण का शुभारंभ किया। युवा कर्मियों को राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार का अहसास कराते हुए अपनी सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था, रोजगार, स्वरोजगार और गरीब कल्याण के लिए उठाए गए कदमों का विस्तार से उल्लेख किया।

इस दौरान पीएम मोदी विपक्ष पर निशाना साधना नहीं भूले। कहा कि फोन बैंकिंग घोटाला पिछली सरकार के सबसे बड़े घोटालों में से एक था। फोन बैंकिंग को कुछ यूं परिभाषित किया कि नौ वर्ष पहले एक खास परिवार के करीबी कुछ ताकतवर नेता बैंकों को फोन कर अपने चहेतों को हजारों करोड़ रुपये का ऋण दिलाते थे, जो कि चुकाया नहीं जाता था।

देशभर में 44 स्थानों पर आयोजित पीएम रोजगार मेले को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त कर्मियों से कहा कि आज का दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि 1947 में 22 जुलाई को ही तिरंगे को संविधान सभा द्वारा वर्तमान स्वरूप में स्वीकार किया गया था। सरकारी सेवा में रहते हुए आपको हमेशा तिरंगे की आन–बान–शान बढ़ाने के लिए काम करना है।अपनी सरकार की उपलब्धि गिनाते हुए पीएम बोले कि भारत की अर्थव्यवस्था नौ वर्ष में दसवें स्थान से पांचवें पर पहुंच गई है। कहा कि आज के इस कार्यक्रम में बैंकिंग सेक्टर के काफी लोगों को नियुक्ति पत्र मिल रहे हैं। अर्थव्यवस्था के विस्तार में हमारे बैंकिंग सेक्टर की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आज भारत उन देशों में से एक है, जहां का बैंकिंग सेक्टर सबसे मजबूत माना जाता है। इसके साथ ही मोदी ने बिना किसी दल का नाम लिए पिछली यूपीए सरकार को निशाने पर ले लिया।

पीएम मोदी ने आगे कहा,"नौ वर्ष पहले ऐसी स्थिति नहीं थी। जब सत्ता का स्वार्थ राष्ट्रहित पर हावी होता है, तब कैसी बर्बादी होती है, कैसा विनाश होता है, देश में कई उदाहरण है। हमारे बैंकिंग सेक्टर ने तो पिछली सरकार के दौरान इस बर्बादी को देखा है, झेला है, अनुभव किया है। आजकल तो डिजिटल युग है, आप मोबाइल फोन से बैंकिंग सेवाएं लेते है, फोन बैंकिंग करते हैं, लेकिन आज से नौ वर्ष पहले जो सरकार थी, उस समय ये फोन बैंकिंग की कल्पना ही अलग थी, रिवाज ही अलग था, तरीके अलग थे, इरादे अलग थे।"प्रधानमंत्री ने आगे कहा,"उस जमाने में उस सरकार में ये फोन बैंकिंग मेरे, आपके जैसे सामान्य नागरिकों के लिए नहीं था। उस समय एक खास परिवार के करीबी कुछ ताकतवर नेता बैंकों को फोन करके अपने चहेतों को हजारों करोड़ रुपये का ऋण दिलवाया करते थे। ये लोन कभी चुकाया नहीं जाता था और कागजी कार्यवाही होती थी। एक लोन को चुकाने के लिए फिर बैंक से फोन करके दूसरा लोन, दूसरा लोन चुकाने के लिए फिर तीसरा लोन दिलवाना। इस घोटाले की वजह से देश की बैंकिंग व्यवस्था की कमर टूट गई थी।"पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमने इस स्थिति से बैंकिंग सेक्टर और देश को मुसीबतों से निकालने के लिए एक के बाद एक कदम उठाकर काम शुरू किया। गलत काम करने वालों पर शिकंजा कसा, बैंकों को लूटने वालों की संपत्ति जब्त कर ली। आज परिणाम आपके सामने है। जिन सरकारी बैंकों की चर्चा हजारों करोड़ के नुकसान के लिए होती थी,आज उन बैंकों की चर्चा रिकार्ड प्राफिट के लिए हो रही है।10 लाख सरकारी नौकरियों का लक्ष्य, आधे पर पहुंची सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2024 तक दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य तय किया है। शनिवार को सातवें रोजगार मेले में 70146 नियुक्ति पत्र वितरण के साथ ही कुल आंकड़ा 4,98,000 से अधिक पर पहुंच चुका है।

## श्रीलंका में जल्द भारतीय रुपये से कर पाएंगे लेनदेन!



**कोलंबो, एजेंसी।** हाल ही में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे भारत दौरे पर आए थे और यहां उन्होंने अपने संबोधन में श्रीलंकाई अर्थव्यवस्था में भारतीय रुपये के उपयोग को बढ़ाने का आह्वान किया था। वहीं अब श्रीलंकाई विदेश मंत्री अली साबरी ने शनिवार को कहा कि श्रीलंका भारतीय पर्यटकों और व्यापारियों की सुविधा के लिए डॉलर, यूरो और येन की तरह स्थानीय लेनदेन के लिए भारतीय रुपये के उपयोग की अनुमति देने की संभावना पर विचार कर रहा है।

अगर श्रीलंका में भारतीय रुपये को प्रत्यक्ष उपयोग की अनुमति देने से भारतीय पर्यटकों और व्यापारियों के लिए एकाधिक मुद्रा रूपांतरण की आवश्यकता को रोका जा सकेगा। साबरी मीडिया को राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की 20–21 जुलाई की भारत यात्रा के बारे में जानकारी दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि दोनों नेता दोनों देशों के बीच बंदरगाह कनेक्टिविटी के महत्व पर सहमत हुए। वहीं अगले स्तर तक पहुंचने के लिए हमें निवेश की जरूरत है। हमने उन तरीकों पर चर्चा की जो दोनों देशों के लिए पारस्परिक रूप से फायदेमंद होंगे। न केवल दोनों सरकारों के बीच बल्कि निजी क्षेत्र के बीच गठजोड़ पर जोर दिया गया। आगे अली साबरी ने कहा कि दक्षिण भारतीय क्षेत्र में व्यापक आर्थिक विकास से श्रीलंका को लाभ होने की संभावना पर विचार किया गया। दोनों नेताओं के बीच कोलंबो और त्रिंकोमाली और दक्षिण भारतीय क्षेत्र के बीच बंदरगाह साझेदारी की आवश्यकता पर सहमति हुई।

श्रीलंकाई विदेश मंत्री ने कहा कि भूमि साझेदारी के लिए पुल बनाने या मौजूदा नौका सेवाओं को जारी रखने पर आवश्यक अध्ययन जल्द ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रीलंका के डिजिटलीकरण में मदद के लिए एक भारतीय विश्वविद्यालय को शामिल करने पर भी चर्चा की गई।

## दिल्ली उच्च न्यायालय से विनेश–बजरंग को राहत

### एशियाई खेलों के ट्रायल में बरकरार रहेगी छूट



**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने देश के शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया को एशियाई खेलों के ट्रायल से दी गई छूट को कायम रखा है। इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर शनिवार को सुनवाई हुई। न्यायालय से विनेश और बजरंग को राहत मिली है। विनेश और बजरंग को सीधे प्रवेश के खिलाफ अंडर–20 विश्व चैंपियन अंतिम पंघाल और अंडर–23 एशियाई चैंपियन सुजीत कलकल की याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई पर कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि छूट में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

फोगाट (53 किग्रा) और पूनिया (65 किग्रा) को मंगलवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की तदर्थ समिति द्वारा एशियाई खेलों के लिए सीधे प्रवेश दिया गया था, जबकि अन्य पहलवानों को 22 और 23 जुलाई को चयन ट्रायल के माध्यम से भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की करनी होगी। पंघाल और कलकल ने छूट को चुनौती दी थी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया की मांग की थी। अधिवक्ता ऋषिकेश बरुआ द्वारा दायर याचिका में मांग की गई है कि दो श्रेणियों (पुरुषों) की फ्री स्टाइल 65 किग्रा और महिलाओं की 53 किग्रा) के संबंध में आईओए तदर्थ समिति द्वारा जारी निर्देश को रद्द किया जाए और फोगट और पूनिया को दी गई छूट रद्द की जाए।

एशियाई खेलों के लिए शनिवार और रविवार को होने वाले ट्रायल बंद दरवाजों में होंगे। ट्रायल के दौरान किसी भी पहलवान के माता–पिता, समर्थको को जाने की इजाजत नहीं होगी। सिर्फ पहलवान का एक कोच और मैस्योर ही साथ जा सकेंगे। ऐसा तदर्थ समिति के सदस्यों की पहलवानों के परिजनों से शुक्रवार को झड़प के बाद हुआ। शनिवार को ग्रीको रोमन और महिला वर्ग में ट्रायल कराए जाएंगे।

### राजेंद्र गुढ़ा की चेतावनी, बोले

## सीएम गहलोत विधानसभा में आएंगे तो वन टू वन जवाब मागूंगा

**जयपुर, एजेंसी।** मंत्री पद से अपनी बर्खास्तगी से गुस्साए राजेंद्र गुढ़ा ने खुद को पद से हटाए जाने को अराजकता बताया है। उन्होंने कहा– मुख्यमंत्री का इकबाल खत्म हो गया है। मैं सोमवार को विधानसभा जाऊंगा और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वहां आएंगे तो मैं उनसे वन टू वन जवाब मांगूंगा।

मंत्री पद से बर्खास्तगी के बाद राजेंद्र गुढ़ा को कांग्रेस की सदस्यता से भी निष्कासित करने की भीतरखाने तैयारी चल रही है। बीजेपी से सांठगांठ के आरोप लगाते हुए कभी भी उन्हें पार्टी से निष्कासित कर गाज गिराई जा सकती है। आज ही प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने ऐसे संकेत दिए हैं, कि राजेंद्र गुढ़ा के विधानसभा में सरकार के खिलाफ दिए बयान और राजेंद्र राठौड़ के धाराओं के साथ कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाने के मामले में टाइमिंग और सांठगांठ की जांच की जा रही है।

राजस्थान सरकार के बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने चेतावनी देते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत विधानसभा में आएंगे तो वन टू वन जवाब मांगूंगा।मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी अमर उजाला के सवाल पर स्पष्ट कहा कि यह पार्टी का अंदरूनी मामला है। सरकार से मंत्री की बर्खास्तगी होना भी पार्टी का अंदरूनी मामला बताकर गहलोत ने यह संकेत देने की कोशिश की है कि पार्टी अब उनके ऊपर कार्रवाई करेगी।



इससे गुस्साए राजेंद्र गुढ़ा ने कहा विधानसभा में जाकर सोमवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री अगर विधानसभा में आएंगे तो मैं उनसे वन टू वन जवाब मांगूंगा और परसों विधानसभा में जाकर सबको बोलूंगा क्या कर रहे हो? राजेंद्र गुढ़ा को बर्खास्त करने से कुछ नहीं होगा। महिलाओं में माताओं और बहनों में सुरक्षा का भाव पैदा करो। किसी को मंत्री बना दिया, किसी को मंत्री पद से हटा दिया, उससे कुछ होने वाला नहीं है। हमारी बहन बेटियों में सुरक्षा की भावना होनी चाहिए यह अराजकता है, मुख्यमंत्री का इकबाल खत्म हो गया है।

## दोबारा बढ़ रहा बाढ़ का खतरा, डरा रहा यमुना का जलस्तर!

### क्या दिल्ली फिर होगी दरिया में तब्दील?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में हो रही मूसलधार वर्षा से दिल्ली में यमुना का जलस्तर फिर से बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। पिछले तीन दिनों से यमुना का जलस्तर खतरे के निशान (205.33 मीटर) के आसपास है। 15 जुलाई के बाद यह 206 मीटर से नीचे है, क्योंकि हथनी कुंड से पिछले कुछ दिनों से प्रति घंटे एक लाख क्यूसेक से कम पानी छोड़ा जा रहा था, लेकिन अब एक बार फिर से इसमें बढ़ोतरी होने लगी है।

13 जुलाई के बाद शनिवार सुबह नौ बजे सबसे अधिक147857 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। दोपहर तक यह बढ़कर प्रति घंटे दो लाख क्यूसेक पार कर गया है, अगले दो दिनों में इसके दिल्ली पहुंचने की संभावना है।

मौसम विभाग का 25 जुलाई तक उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा होने का पूर्वानुमान है। इससे राजधानी में एक बार फिर से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका जताई जा रही है।

नौ जुलाई से हथनी कुंड से प्रति घंटे एक लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा जा रहा था और 11 जुलाई को यह अधिकतम 3.59 लाख क्यूसेक तक पहुंचा था। परिणामस्वरूप राजधानी में पुराना लोहा पुल के पास यमुना का जलस्तर 13 जुलाई को 208.66 मीटर तक पहुंच गया और दिल्ली के छह जिले में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई।

यमुना पार के कई क्षेत्रों के साथ ही कश्मीरी गेट, सिविल लाइंस व मुखर्जी नगर तक पानी भर गया था। रिंग रोड और विकास मार्ग सहित कई सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई थी। यमुना में पानी बढ़ने से वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला जलशोधन संयंत्र बंद होने से राजधानी के कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति का संकट हो गया था।

13 जुलाई से हथनी कुंड से पानी छोड़ने की मात्रा कुछ कम होने पर 15 जुलाई से दिल्ली में यमुना के उफान में भी कमी आने लगी। पिछले एक सप्ताह से प्रति घंटे 30 से 75 हजार क्यूसेक और कई बार 30 हजार से भी कम पानी छोड़ा जा रहा है। यही कारण कि 10 जुलाई के बाद पहली बार 18 जुलाई को यमुना खतरे के निशान से नीचे आई। उसके बाद से जलस्तर 206 मीटर से नीचे ही रहा है। शनिवार सुबह नौ बजे से यह खतरे के निशान से नीचे है।

अधिकारियों का कहना है कि हथनी कुंड से पानी छोड़े जाने व यमुना के जलस्तर की निगरानी की जा रही है। सितंबर तक नदी में पानी का स्तर बढ़ने का खतरा बना रहेगा। इसे ध्यान में रखकर तैयारी की गई है। 66 वरिष्ठ अधिकारियों को अलग–अलग स्थानों पर राहत व बचाव कार्य की जिम्मेदारी दी गई है। पिछले दिनों उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश में वर्षा होने के बाद भी राजधानी में यमुना का जलस्तर बहुत ज्यादा नहीं बढ़ा है।

केंद्रीय जल आयोग के पूर्वानुमान के अनुसार पहाड़ी नदियों में पानी ज्यादा नहीं बढ़ेगा। इस स्थिति में हथनी कुंड से तीन लाख क्यूसेक से कम पानी छोड़े जाने की उम्मीद है। आइटीओ बैराज का पिछले कई वर्षों से बंद पांच में से दो गेट खुल जाने से पहले की तुलना में नदी का पानी तेजी से दिल्ली से बाहर निकलेगा। तीन अन्य गेट खोलने की कोशिश जारी है।

यमुना में पानी बढ़ने की स्थिति में राहत शिविर में रहने वालों को घर लौटने का इंतजार लंबा हो सकता है। आठ और नौ जुलाई को भारी वर्षा होने और उसके बाद यमुना में उफान आने के कारण के निचले क्षेत्र में रहने वाले 27 हजार से ज्यादा लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं।

विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों ने संकेत दिया कि बेशक पीएम के बयान की मांग नहीं छोड़ी जाएगी मगर विपक्ष सदन के गतिरोध को लंबा खींचने के पक्ष में नहीं है। टकराव खत्म करने के लिए सरकार दो कदम आगे बढ़ती है तो विपक्ष भी दो कदम पीछे खींचने से गुरेज नहीं करेगा। इस बीच सरकार और विपक्ष में संसद के बाहर भी शनिवार को वार–पलटवार का दौर जारी रहा।

### सुको ने हत्या के एक मामले में आरोपी को किया बरी

## कोर्ट ने कहा– अभियोजन पक्ष को साबित करनी होगी अपराध की मंशा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने 2008 के हत्या के एक मामले में आरोपित को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष के लिए यह आवश्यक है कि प्रत्यक्षदर्शी की अनुपस्थिति में वह अपराध की मंशा साबित करे। जस्टिस विक्रम नाथ और अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने कहा कि मामले के सभी गवाहों ने बताया है कि याचिकाकर्ता और मृतक के बीच कोई दुश्मनी नहीं थी।

पीठ ने कहा कि अगर मामले में कोई गवाह नहीं है तो अभियोजन पक्ष को अपराध की मंशा साबित करनी होगी। प्रत्यक्ष मामले में मंशा की अहम भूमिका नहीं होती। अगर मंशा स्थापित नहीं की गई हो या साबित नहीं की गई और सीधे प्रत्यक्षदर्शी हो तो मंशा अपना महत्व खो सकती है। लेकिन मौजूदा मामले में यह स्थापित हुआ है कि किसी ने अपराध को होते हुए नहीं देखा।

शीर्ष अदालत एक व्यक्ति की अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने उसे हत्या का दोषी करार देने और उम्र कैद की सजा देने के निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, मृतक के रिश्तेदार ने शिकायत की थी कि जब उनका भतीजा घर लौट रहा था तब अपीलकर्ता ने उसकी पिटाई की थी।

शिकायतकर्ता ने दावा किया कि जब वह घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि आरोपित मौके से भाग रहा है और हत्या में प्रयुक्त हथियार वहां पड़ा हुआ है। शीर्ष अदालत ने कहा कि रिश्तेदार का बयान भरोसे लायक नहीं है।

# मणिपुर पर संसद में टकराव खत्म करने के विकल्पों पर विपक्ष कर रहा मंथन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर में जारी हिंसा के दरम्यान दो महिलाओं के साथ हुई हैवानियत को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच संसद में चल रहा टकराव सोमवार को भी जारी रहने के पुख्ता आसार हैं। विपक्ष संसद के दोनों सदनों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान के बाद ही मणिपुर हिंसा पर चर्चा की अपनी मांग पर कायम रहेगा और सरकार का रूख देखने के उपरांत दूसरे सियासी विकल्पों पर गौर करेगा।

विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल दलों ने संकेत दिया है कि बेशक पीएम के बयान की मांग नहीं छोड़ी जाएगी, मगर विपक्ष सदन के गतिरोध को लंबा खींचने के पक्ष में नहीं है। टकराव खत्म करने के लिए सरकार दो कदम आगे बढ़ती है तो विपक्ष भी दो कदम पीछे खींचने से गुरेज नहीं करेगा। इस बीच सरकार और विपक्ष में संसद के बाहर भी



शनिवार को वार–पलटवार का दौर जारी रहा। कांग्रेस ने मणिपुर में दो महिलाओं के साथ क्रूर सामूहिक दुष्कर्म के मुद्दे पर भाजपा के तर्कों को बेतूका करार देते हुए केंद्र सरकार पर संसद की चर्चा से भागने का आरोप लगाया। विपक्षी दलों ने पहले ही तय कर लिया है कि सोमवार को मणिपुर मुद्दे पर सरकार की घेरेबंदी को आक्रमक तेवर देने के लिए सदन की बैठक से पहले सुबह संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने इंडिया के सभी दलों के सांसद विरोध प्रदर्शन करेंगे। सदन में चर्चा कराने के सरकार के इरादों का आकलन किया जाएगा और फिर अन्य वैकल्पिक सियासी कदमों का फैसला होगा। इंडिया का संसदीय प्रतिनिधिमंडल मणिपुर भेजने की तारीख भी तय की जाएगी।

विपक्षी सूत्रों ने कहा, सत्ता को असहज करने वाले ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा कराने का सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड खराब है, लेकिन हम बजट सत्र की तरह मानसून सत्र के धुलने के पक्ष में नहीं। इसीलिए सामान्य नियमों के तहत मणिपुर हिंसा पर चर्चा के विकल्प को अभी खारिज नहीं किया गया है।

वहीं, कांग्रेस ने सदन में चर्चा नहीं कराए जाने को सरकार के भय का प्रमाण बताते हुए आरोप लगाया कि भाजपा नेता और सरकार के मंत्री मणिपुर की महिलाओं से हुए दुष्कर्म की बर्बर घटनाओं से ध्यान बंटाने की कोशिश कर रहे हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता रंजीत रंजन ने महिला बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी की राजस्थान और छत्तीसगढ़ की घटनाओं को चुनिंदा तरीके से उठाने को राजनीतिकरण करार देते हुए उनकी निंदा की। उत्तर प्रदेश और हरियाणा जैसे भाजपा शासित राज्यों के साथ दिल्ली जहां पुलिस सीधे केंद्रीय गृह मंत्रालय के नियंत्रण में है उसे छोड़ने के लिए ईरानी को आड़े हाथों लिया।

उन्होंने कहा कि संसद और विपक्ष से सरकार क्यों डर कर भाग रही है। रंजीत ने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री और मणिपुर के मुख्यमंत्री पिछले 80 दिनों से वहां हो रही घटनाओं से अनभिज्ञ थे?

# वसीम जाफर का कहना है कि अजिंक्य रहाणे को टेस्ट क्रिकेट में लगातार रन बनाने होंगे



नई दिल्ली ,। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर का मानना है कि अगर अनुभवी मध्यक्रम बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे खुद को दौड़ में बनाए रखना चाहते हैं तो उन्हें टेस्ट क्रिकेट में लगातार रन बनाने होंगे।

पिछले महीने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 209 रन की हार में रहाणे 89 और 46 के स्कोर के साथ भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे। फिर उन्हें वेस्टइंडीज के मौजूदा टेस्ट दौरे के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया, जहां उनके स्कोर सिर्फ तीन और आठ रन रहे हैं।

अजिंक्य रहाणे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद से अगर अपना फॉर्म कायम रखे होते तो वो आज भारतीय टीम के कप्तान होते।

जियोसिनेमा पर वर्चुअल मीडिया इंटरेक्शन में जाफर ने कहा, लेकिन फिर उन्होंने आईपीएल के दौरान खुद को फिर से स्थापित किया और यहां तक कि उन्हें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भी मौका मिला, जहां उन्होंने रन बनाए। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ इस श्रृंखला के लिए उप-कप्तान भी बनाया गया था। चयनकर्ताओं ने देखा होगा कि उनके पास काफी क्षमता है। लेकिन एकमात्र चीज यह है कि उसे रन बनाने की जरूरत है। अगर वह रन नहीं बनाते हैं, तो उनके लिए मुश्किलें होंगी।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने दाहिनी जांघ और पीठ की चोटों से उबरने के बाद बल्लेबाजी अभ्यास शुरू कर दिया है। जाफर ने दोहराया कि अगर रहाणे लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें टेस्ट टीम के भविष्य के कप्तान के रूप में देखा जा सकता है।

पहले दो बार जब बल्लेबाजी करने का मौका मिला तो वह जल्दी आउट हो गए। मैं श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की वापसी पर कहूंगा कि वे बड़ी चोटों के बाद वापस आ रहे हैं और उन्हें अपनी फिटनेस साबित करने, रन बनाने की जरूरत है।लेकिन अजिंक्य रहाणे को लगातार रन बनाने होंगे क्योंकि 80-90 टेस्ट मैच (84 मैच) खेलने के बावजूद यही उनकी समस्या रही है। रोहित शर्मा के बाद वह कप्तानी के लिए एक अच्छे विकल्प हो सकते हैं। एक बार जब वह लगातार रन बनाना शुरू कर देंगे तो यह सब अपने आप हो जाएगा।

जाफर ने यह भी कहा कि टेस्ट टीम में चयन के लिए नजरअंदाज किए जाने के बावजूद मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान को रन बनाने में निरंतरता पर ध्यान देना होगा। सरफराज रणजी ट्रॉफी में शानदार रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन उन्हें टेस्ट टीम में जगह नहीं दी गई है। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने दलीप ट्रॉफी के हालिया संस्करण में हालांकि कोई बड़ा स्कोर नहीं किया।

बेशक उसे (सरफराज को) निराश होने का अधिकार है और इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन कुछ चीजें हैं जो उसके नियंत्रण से बाहर हैं। उसे फिर से रन बनाने पर फोकस करना होगा। अगर वह दलीप ट्रॉफी की तरह विफल रहते हैं या आगामी मैचों में रन नहीं बनाते हैं तो मौका मिलने की सम्भावना कम है।

# यूटीटी सीजन-4 में पुनेरी पल्टन ने दबंग दिल्ली को हराया



पुणे ,। युवा भारतीय सितारे मानुष शाह और अर्चना कामथ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कल यहां शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, महालुंगे-बालेवाड़ी में खेल जा रहे अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) सीजन-4 में पुनेरी पल्टन ने दबंग दिल्ली टीटीसी पर 8-7 से रोमांचक जीत दर्ज की। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीटा दानी प्रोत्साहन द्वारा फ्रेंचाइजी-आधारित लीग, 2017 में अपनी स्थापना के बाद से भारतीय टेबल टेनिस के लिए गेम-चेंजर साबित हुई है।

मानुष ने मैच की शुरुआत से ही जॉन पर्सन के खिलाफ 2-1 से जीत हासलि कर अपनी फ्रेंचाइजी को आगे की राह दिखाई। वडोदरा के युवा खिलाड़ी ने गेम प्वाइंट के जरिए पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में पर्सन ने अपनी स्पिन सर्विस से मानुष को परेशानी में डाल दिया। मानुष को टेनिस बॉल को पर्सन के पाले में भेजने और अंक हासिल करने में कड़ी मेहनत करनी पड़ रही थी। पर्सन ने दूसरा गेम 11-8 से जीता, इससे पहले भारतीय ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर बढ़त हासिल करने के लिए पैतरा बला और तीसरा गेम 11-4 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।दूसरी ओर, अर्चना ने भी अपना शीर्ष स्तर का खेल जारी रखा और अपनी ही हमवतन श्रीजा अकुला के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। बेंगलुरु की पैडलर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थी और उसने पहला गेम 11-4 से अपने नाम किया लेकिन दूसरा गेम 7-11 के करीबी अंतर से हार गई। तीसरे गेम में दोनों होनहार पैडलर्स के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली और अंत में पुनेरी पलटन ने इसे 11-6 से जीतकर अपनी फ्रेंचाइजी के लिए जीत दिला ली। इससे पहले दबंग दिल्ली टीटीसी के लिए खेलते हुए साथियान ज्ञानसेकरन ने पहला गेम अपने नाम किया लेकिन मुकाबले के पहले मैच (पुरुष एकल) में पूर्व आईटीटीएफ अफ्रीकी-कप चैंपियन उमर अस्सर के खिलाफ खेलते हुए वह 1-2 से मैच हार गए।

# कोरिया ओपन के सेमीफाइनल में सात्विक-चिराग



योसु ,। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने जापान के युगो कोबायाशी और ताकुरो होकी को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सात्विक-चिराग ने अपने जापानी प्रतिद्वंदियों को 21-14, 21-17 से हराने के लिए सिर्फ 40 मिनट का समय लिया। सेमीफाइनल में विश्व नंबर तीन भारतीय जोड़ी विश्व नंबर दो चीन के लियांग वेंग किंग और वांग चैंग से भिड़ेगी। यह कोबायाशी और होकी के विरुद्ध सात्विक-चिराग की तीसरी जीत थी जिसके लिए उन्हें जरा भी मशक्कत नहीं करनी पड़ी। इस मुकाबले का मुख्य आकर्षण सात्विक का आक्रामक रवैया रहा जिन्होंने एक बार फिर 500 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से स्मैश मारा। पहले गेम में स्कोर जब 5-5 पर बराबर था तब भारतीय युगल ने आक्रामक रुख अपनाते हुए ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बना ली। जापान ने ब्रेक के बाद वापसी करनी चाही लेकिन सात्विक के स्मैश की मदद से भारतीय जोड़ी ने पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में जापानी युगल ने बेहतर अनुशासन दिखाया, हालांकि भारतीय जोड़ी 11-9 की बढ़त बनाने में कामयाब रही। सात्विक-चिराग जब 14-9 से आगे थे तब कोबायाशी-होकी ने संघर्ष करते हुए स्कोर 16-16 पर बराबर कर लिया। भारतीय युगल ने इसके बाद अपने जापानी प्रतिद्वंदियों को सिर्फ दो अंक लेने दिए और सीधे सेटों में मुकाबला जीत लिया।

# बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा पुनर्वास के अंतिम चरण में, अभ्यास मैच खेलने के लिए तैयार : बीसीसीआई



नई दिल्ली ,। बीसीसीआई ने कहा कि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा रिहैब के अंतिम चरण में हैं और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में नेट्स पर पूरी तीव्रता के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं, जबकि श्रेयस अय्यर, केएल राहुल और अधिक महत्वपूर्ण रूप से ऋषभ पंत ने बल्लेबाजी अभ्यास शुरू कर दिया है।पीठ की चोट के कारण बुमराह ने आखिरी बार सितंबर 2022 में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेला था। इस साल मार्च में न्यूजीलैंड में पीठ की सर्जरी के बाद से वह एनसीए में पुनर्वास से गुजर रहे हैं।

दूसरी ओर, प्रसिद्ध स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण आईपीएल 2023 से बाहर हो गए।

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, दोनों तेज गेंदबाज अपने रिहैब के अंतिम चरण में हैं और नेट्स पर पूरी तीव्रता के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं। दोनों अब कुछ अभ्यास मैच खेलेंगे, जिसका आयोजन एनसीए करेगा। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति से खुश है और अभ्यास मैचों में उनका आकलन करने के बाद अंतिम निर्णय लेगी।दाएं हाथ के बल्लेबाजों केएल राहुल और श्रेयस अय्यर के बारे में बीसीसीआई ने कहा है कि उन्होंने नेट्स पर बल्लेबाजी फिर से शुरू कर दी है और ताकत और फिटनेस अभ्यास से गुजर रहे हैं।

बयान में आगे कहा गया, उन्होंने नेट्स पर बल्लेबाजी फिर से शुरू कर दी है और वर्तमान में ताकत और फिटनेस अभ्यास से गुजर रहे हैं। बीसीसीआई मेडिकल टीम उनकी प्रगति से संतुष्ट है और आने वाले दिनों में कौशल और ताकत और कंडीशनिंग दोनों के मामले में अपनी तीव्रता बढ़ाएंगे।

इस बीच, बाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज पंत, जो एक दुर्घटना के दौरान चमत्कारिक रूप से बच गए थे, ने अपने पुनर्वास में महत्वपूर्ण प्रगति की है और नेट्स में बल्लेबाजी के साथ-साथ कीपिंग भी शुरू कर दी है।

बीसीसीआई ने कहा, उन्होंने (पंत) अपने पुनर्वास में महत्वपूर्ण प्रगति की है और नेट्स पर बल्लेबाजी के साथ-साथ कीपिंग भी शुरू कर दी है। वह वर्तमान में उनके लिए तैयार किए गए फिटनेस कार्यक्रम का पालन कर रहे हैं जिसमें ताकत, लचीलापन और दौड़ शामिल है।

## फिल्मी दुनियां

# करीना और कियारा गुड न्यूज के बाद पर्दे पर फिर मचाएंगी धमाल



करीना कपूर और कियारा आडवाणी को आपने फिल्म गुड न्यूज में देखा होगा। अब ये दोनों अभिनेत्रियां फिर साथ आ रही हैं। इस बार उन्हें साथ ला रही हैं अश्विनी अय्यर तिवारी। चर्चा है कि दोनों साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। इस खबर के सोशल मीडिया पर आते ही उनके प्रशंसक भी खुश हैं। वे कियारा और करीना की नई फिल्म को लेकर उत्साह जाहिर कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, करीना और कियारा की इस फिल्म का निर्देशन अश्विनी कर रही हैं। यह एक बड़े बजट की फिल्म होगी, जिसमें करीना और कियारा मुख्य भूमिका में होंगी। पिछले 2 सालों में अश्विनी ने कई विषयों पर काम किया और 2 कहानियां उन्होंने फाइनल कर दी हैं। एक एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ और दूसरी बालाजी एंटरटेनमेंट के साथ। एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनने वाली फिल्म के लिए अश्विनी ने करीना और कियारा से बातचीत की है।

फिल्म से जुड़े सूत्र ने एंटरटेनमेंट पोर्टल को बताया कि करीना और कियारा दोनों ने ही अश्विनी की इस फिल्म में खासी दिलचस्पी दिखाई है और दोनों ही इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। हालांकि, उन्होंने अभी पूरी स्क्रिप्ट नहीं सुनी है। इसके बाद ही वे फिल्म साइन करेंगी। वे बस यही जानकर बहुत खुश हैं कि उन्हें दोबारा साथ काम करने का मैका मिल रहा है। इसके अलावा कई दूसरी फिल्मों के लिए भी करीना-कियारा से बातचीत चल रही है।

फिल्म जर्नलिस्ट हिमेश मानकंद ने जैसे ही यह खबर सोशल मीडिया पर साझा की, कियारा और करीना के प्रशंसक फूले नहीं समाए। एक यूजर ने लिखा, यह तो बहुत बड़ी फिल्म होने वाली है। एक ने लिखा, बस जल्दी ले आओ। एक ने लिखा, इस खबर ने दिन बना दिया। गुड न्यूज में दोनों को देख दिल खुश हो गया था। एक ने करीना और कियारा की तस्वीर साझा कर लिखा, दोनों सचमुच पर्दे पर आग लगा देंगी।

गुड न्यूज 2019 में आई थी, जिसमें करीना की जोड़ी अक्षय कुमार के साथ तो कियारा की जोड़ी दिलजीत दोसांझ के साथ बनी थी। 70 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था।

### बिखरी जुल्फों, और ब्रालेट पहनकर निक्की तंबोली ने दिए सेंशुअस पोज

निक्की तंबोली आए दिन अपनी हॉट फोटोज के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाओं का विषय रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में निक्की तंबोली ने अपने स्टाइलिश आउटफिट से फैंस दीवाना बना दिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपनी हॉटनेस से लोगों का दिल जीतती नजर आ रही हैं।

अपनी स्टाइलिश अंदाज और यूनिक ड्रेसिंग सेंस से हर वक्त दीवाना बनाने वाली एक्ट्रेस निक्की तंबोली का जादू लोगों के सर चढक़र बोल रहा है। एक्ट्रेस आए दिन इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड और खूबसूरत फोटोज से इंटरनेट पर आग लगा देती हैं। हाल ही में निक्की तंबोली ने बेहद ही रिवीलिंग आउटफिट में फैंस के बीच अपने सेक्सी कर्व्स फ्लॉन्ट किए हैं।

# इकबाल खान के साथ रोमांस करना बहुत बड़ी बातः रचना मिस्त्री



शो ना उम्र की सीमा हो में विधि की मुख्य भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री रचना मिस्त्री ने इकबाल खान के साथ रोमांस करने पर खुलकर बात की है और कहा कि यह उनके लिए बहुत बड़ी बात थी।

इस शो ने अपनी अद्भुत कहानी के माध्यम से सामाजिक मानदंडों और रूढ़ियों को चुनौती देते हुए समाज में एक नई लहर पैदा की है। शो ने अपनी कहानी से दर्शकों को बांधे रखा है। इसमें इकबाल और रचना, देव और विधि की भूमिका में हैं। अपने किरदारों के जरिए वे दिखाते हैं कि प्यार की कोई उम्र सीमा नहीं होती।

टीवी पर अपने से काफी बड़े किरदार इकबाल के साथ रोमांस पर रचना ने कहा, जब मैं स्कूल में थी तो मैं उन्हें टीवी पर देखती थी और आज, हम एक साथ स्क्रीन साझा कर रहे हैं।

यह सब मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। मुख्य भूमिका में इकबाल खान के साथ आकर मैं बहुत उत्साहित थी, क्योंकि यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। मैं बेहद घबराई हुई थी, लेकिन इकबाल सर इतने अच्छे हैं कि उन्होंने मुझे इसका एहसास बिल्कुल भी नहीं होने दिया।रचना ने कहा,उन्होंने मुझे अपना दोस्त बनाया और फिर शूटिंग के दौरान धीरे-धीरे मेरी झिझक खत्म हो गई। मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला।

# लव सेक्स और धोखा 2 की रिलीज डेट आउट, अक्षय कुमार की फिल्म से होगा क्लैश



बॉलीवुड इंडस्ट्री की कुछ फिल्में ऐसी हैं जिन्हें हमेशा याद किया जाता है। इस लिस्ट में फिल्म लव सेक्स और धोखा का नाम भी शामिल है। साल 2010 में फिल्म लव सेक्स और धोखा को लोगों ने खूब पसंद किया था। एकता कपूर के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म में राजकुमार राव और नुसरत भरूचा लीड रोल में थे। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने बेहतरीन कमाई की थी। फिल्म लव सेक्स और धोखा को पसंद करने वाले लोगों के लिए खुशखबर है। दरअसल, इस फिल्म का दूसरा पार्ट भी आने वाला है और इसकी रिलीज डेट आउट हो गई है। एकता कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 की रिलीज डेट बताई। दिबाकर बनर्जी के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म लव सेक्स और धोखा को लोगों ने काफी पसंद किया था।

2 करोड़ रुपये के बजट में बनने वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस करीब 10 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इस फिल्म के सफल होने के बाद से ही लोग दूसरे पार्ट की मांग कर रहे थे।

# शरवरी पर बड़ा दांव खेलेगा यशराज फिल्म्स, आलिया के साथ स्पाई यूनिवर्स में कराई एंट्री



पिछले दिनों खबर आई थी कि आलिया भट्ट यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बन गई हैं। इस खबर ने बॉलीवुड गलियारों में खूब तूल पकड़ा, क्योंकि आलिया को बेशक बहुत बड़ा मौका मिला है। अब खबर है कि इस स्पाई फिल्म में आलिया के साथ अभिनेत्री शरवरी वाघ नजर आएंगी। यशराज फिल्म्स इन दोनों अभिनेत्रियों के साथ अपने नए सफर की शुरुआत करने के लिए उत्साहित है।

रिपोर्ट के मुताबिक, वाईआरएफ के स्पाई यूनिवर्स में आलिया के साथ शरवरी शामिल हो गई हैं। शूटिंग 2024 के मध्य तक शुरू होगी। शरवरी ने बंटी और बबली 2 में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं चल पाई। हालांकि, आदित्य चोपड़ा को शरवरी की प्रतिभा पर भरोसा है। उन्हें लगता है कि उनमें वो बात है, जो किसी सुपरस्टार में होनी चाहिए, इसलिए वह उन पर बड़ा दांव खेलने को तैयार हैं।

पठान में शाहरुख खान और सलमान खान को साथ देख दर्शकों ने खूब सीटियां बजाईं। अब आलिया और शरवरी पर यशराज फिल्म्स यह प्रयोग करने वाला है। इन फिल्मों में दोनों का धांसू एक्शन अवतार देखने को मिला। वे पर्दे पर साथ में जासूसी करती दिखेंगी। जल्द ही उनकी ट्रेनिंग शुरू होगी। वे अपने-अपने किरदार की तैयारी के लिए वर्कशॉप में भी शामिल होने वाली हैं। शरवरी फिल्म के मिशन में आलिया के साथ अहम भूमिका निभाएंगी।

एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3, वॉर 2 और टाइगर वर्सेज पठान के बाद आलिया और शरवरी अभिनीत यह फिल्म वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की 8वीं फिल्म होगी। इसके निर्देशक का नाम सामने नहीं आया है, लेकिन इतना तय है कि यशराज इसे पठान और अपने इस यूनिवर्स की पिछली फिल्मों के स्तर पर ही बनाने वाला है। यशराज के स्पाई यूनिवर्स का ऐलान इसी साल हुआ था।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com